Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# दैनिक वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्षः 6 अंकः 313 | शुक्रवार , 14 नवंबर -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## दिल्ली ब्लास्ट पर अमित शाह दे दिया अल्टीमेटम

# दोषियों को ऐसी सजा देंगे कि दुनिया देखेगी

**नई दिल्ली।**

गृह मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत आतंकवाद के प्रति शून्य सहिष्णुता तथा ग्रामीण सशक्तिकरण और राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ रहा है। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए गुजरात में श्री मोतीभाई आर. चौधरी सागर सैनिक स्कूल और सागर ऑर्गेनिक प्लांट का उद्घाटन करने के बाद, अमित शाह ने विस्फोट में मारे गए लोगों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने चेतावनी दी कि दिल्ली में लाल किले के पास हुए कार विस्फोट के ज़िम्मेदारों को दी गई सजा से दुनिया



भर में एक कड़ा संदेश जाएगा और यह स्पष्ट होगा कि भारत में इस तरह के हमले दोबारा नहीं होने चाहिए। उन्होंने सरकार की इस प्रतिबद्धता को रेखांकित किया कि इसमें शामिल सभी लोगों को कड़ी से कड़ी सजा मिलेगी, जो नेतृत्व के उच्चतम स्तर पर दृढ़ संकल्प को दशार्ता है। शाह ने कहा कि दोषियों के खिलाफ की गई

> शिक्षा और रक्षा तैयारियों के माध्यम से राष्ट्र निर्माण पर सरकार के फोकस पर प्रकाश डालते हुए, गृह मंत्री ने कहा कि गुजरात में नवनिर्मित मोतीभाई चौधरी सागर सैनिक स्कूल युवाओं को भारतीय सशस्त्र बलों में सेवा करने के लिए प्रेरित करेगा।उन्होंने आगे कहा कि पीपीपी मॉडल पर 100 नए सैनिक स्कूल स्थापित करने की प्रधानमंत्री मोदी की पहल के तहत, यह स्कूल मेहसाणा के लिए गौरव की बात होगी।
> शाह ने सामुदायिक विकास के लिए इन शैक्षिक पहलों के महत्व पर जोर दिया।

कार्रवाई दुनिया को दिखाएगी कि भारत किसी भी रूप में आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं करेगा। संदेश स्पष्ट होगा - जो कोई भी हमारे देश को नुकसान पहुँचाने की कोशिश करेगा, उसे कठोरतम परिणाम भुगतने होंगे। गृह मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत आतंकवाद के प्रति शून्य सहिष्णुता तथा ग्रामीण सशक्तिकरण और राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ रहा है। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए गुजरात में श्री मोतीभाई आर. चौधरी सागर सैनिक स्कूल और सागर ऑर्गेनिक प्लांट का उद्घाटन करने के बाद, अमित शाह ने विस्फोट में मारे गए लोगों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की।

## संदिग्धों की तीसरी कार की तलाश में जुटीं जांच एजेंसियां



**नई दिल्ली।**

लाल किला धमाके की जांच में एक और अहम सुराग सामने आया है। पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां अब तीसरी कार की तलाश कर रही हैं, जो संदिग्धों से जुड़ी बताई जा रही है। इससे पहले दो कारें हुंडई 20 और फोर्ड इकोस्पोर्टमिल चुकी हैं। दिल्ली के लाल किला धमाके के बाद जांच तेजी से आगे बढ़ रही है। अब जांच एजेंसियां उस तीसरी कार की तलाश में जुटी हैं जो संदिग्धों से जुड़ी बताई जा रही है और फिलहाल लापता है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, यह कार मारुति ब्रेजा हो सकती है जिसे आरोपीयों ने रैकी या भागने के लिए इस्तेमाल किया था। मौजूद जानकारी के अनुसार, सुरक्षा एजेंसियों की कई टीमें दिल्ली-एनसीआर और आसपास के राज्यों में इस तीसरी कार की तलाश कर रही हैं। बता दें कि सोमवार शाम लाल किला इलाके में एक सफेद हुंडई 20 कार में हुए धमाके में कम से कम 10 लोगों की मौत हुई थी, जबकि कई लोग घायल हुए थे। धमाके के बाद शुरू हुई जांच में पुलिस ने दूसरी संदिग्ध कार, एक लाल फोर्ड इकोस्पोर्ट, फरीदाबाद से बरामद की थी। यह वही कार बताई जा रही है जो मुख्य आरोपी डॉ. उमर उन नबी से जुड़ी है।

इकोस्पोर्ट फरीदाबाद के खंडावली गांव के पास एक फार्महाउस से मिली है, जो आरोपी के एक परिचित का बताया जा रहा है। गौरतलब है कि यह गाड़ी 22 नवंबर 2017 को पंजीकृत हुई थी और इसके मालिक के रूप में डॉ. उमर का नाम दर्ज है। वही डॉ. उमर उस 20 कार के भी मालिक थे जो धमाके के दौरान इस्तेमाल की गई थी।

## भारतीय वायुसेना के सुखोई-30 एमकेआई और राफेल द्विपक्षीय हवाई अभ्यास के लिए फ्रांस में

**नई दिल्ली।**

भारतीय वायु सेना की एक टुकड़ी 16-25 नवंबर से फ्रांसीसी वायु और अंतरिक्ष सेना के साथ द्विपक्षीय हवाई अभ्यास में भाग लेने के लिए फ्रांस के मोंट-डे-मार्सन एयर बेस पर उतरी है। भारतीय वायुसेना के अधिकारी ने अभ्यास गरुण 25 शीर्षक के साथ एक्स पर कहा कि भारतीय वायुसेना के सुखोई-30 एमकेआइ विमान और राफेल लड़ाकू विमान अभ्यास में भाग लेंगे, जिसमें दोनों वायु सेनाओं की शक्ति और व्यावसायिकता का प्रदर्शन होगा। उन्होंने कहा कि यह अभ्यास अंतर संचालन क्षमता को और बढ़ाएगा, सर्वोत्तम प्रथाओं के आदान-प्रदान



को बढ़ावा देगा और दोनों वायु सेनाओं के बीच रक्षा सहयोग को मजबूत करेगा। गौरतलब है कि 2022 में भारतीय वायु सेना और फ्रांसीसी वायु एवं अंतरिक्ष सेना के बीच संयुक्त वायु अभ्यास गरुड़ में भारतीय वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी और फ्रांस के वायु सेना प्रमुख जनरल स्टीफन मिल ने संयुक्त रूप से राफेल और सुखोई-30 में उड़ान भरी थी।

## बिहार की सत्ता की चाबी किसे सौंपेगी जनता, किसके सिर सजेगा ताज, फैसला होगा आज

**पटना।**

बिहार में किसके सिर ताज सजेगा, उसका फैसला शुक्रवार को हो जाएगा। बिहार की जनता फिर से राजग को अवसर देगी या महागठबंधन को मौका मिलेगा, या फिर किसी और राजनीतिक दल को सत्ता की चाबी सौंपेगी, इसके बारे में पता चल जाएगा। हालांकि, इस बार के विधानसभा चुनाव में प्रमुख मुकाबला राजग और महागठबंधन में ही माना जा रहा है। विधानसभा चुनाव-2025 की मतगणना शुक्रवार को आठ बजे शुरू होगी और सर्वप्रथम डाक मतपत्र, फिर 8.30 बजे से ईवीएम के



मतों की गिनती शुरू होगी। मतगणना की सभी प्रक्रिया सामान्य रूप से जारी रही तो सर्वप्रथम बरबीघा एवं मखदुमपुर विधानसभा क्षेत्र का परिणाम आएगा। बिहार के 243 विधानसभा क्षेत्र के मतों की गिनती के लिए 46 मतगणना केंद्र बनाए गए हैं। संभावना है कि कुल 2616 प्रत्याशियों में 243 विजेताओं के भाग्य का निर्णय तीन बजे तक हो जाएगा। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के अनुसार चुनाव आचार संहिता 16 नवंबर तक प्रभावी रहेगी।

## नेल्ली नरसंहार पर तिवारी आयोग की रिपोर्ट सार्वजनिक करेगी असम सरकार

**नई दिल्ली।**



असम मंत्रिमंडल ने 25 नवंबर को राज्य विधानसभा सत्र के दौरान 1983 के नेल्ली नरसंहार की जांच करने वाले तिवारी आयोग की रिपोर्ट सार्वजनिक करने का फैसला किया है। गुरुवार को यह जानकारी मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने दी। उन्होंने कहा कि 1983 में असम में अभूतपूर्व हिंसा हुई थी और उस समय 2000 से ज्यादा लोग मारे गए थे, जबकि लगभग तीन लाख लोग महीनों तक राहत शिविरों में रहे थे। कैबिनेट बैठक के बाद मीडिया ब्रीफिंग में मुख्यमंत्री ने कहा, "असम गण परिषद के प्रफुल्ल कुमार महंत के नेतृत्व वाली तत्कालीन सरकार ने इसकी जांच के लिए त्रिभुवन प्रसाद तिवारी की अध्यक्षता में एक आयोग का गठन किया था। लेकिन, वह रिपोर्ट सार्वजनिक रूप से उपलब्ध नहीं है।" सरमा ने कहा, "जब हमने जांच की तो पता चला कि 1987 में तत्कालीन मुख्यमंत्री ने विधानसभा में रिपोर्ट रखी थी और वादा किया था कि आने वाले दिनों में वह इसकी मुद्रित प्रतियां उपलब्ध कराएंगे।

## एक कार्यक्रम में बोले भागवत

# 'समाज को संगठित करना जानता है संघ, किसी को नष्ट करने के लिए नहीं बना'

**जयपुर।**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने गुरुवार को कहा कि विविधताओं को कैसे संभालना है, यह हमें दुनिया को सिखाना है, क्योंकि दुनिया के पास ऐसा तंत्र नहीं है जो भारत के पास है। उन्होंने कहा कि संघ को प्रत्यक्ष अनुभव किए बिना उसके बारे में राय मत बनाइए। संघ से जुड़ने के लिए शाखा में आइए, जो आपको अनुकूल लगे वह काम कर सकते हैं। संघ पूरे समाज को संगठित करना जानता है। संघ किसी को नष्ट करने के लिए नहीं बना है। वह व्यक्ति के निर्माण का काम करता है। भागवत गुरुवार को संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राष्ट्र को परम वैभव सम्पन्न और विश्वगुरु बनाना किसी एक व्यक्ति के वश में नहीं है। इस काम में नेता, पार्टी, सरकार, महापुरुष और संघ जैसे संगठन सहायक हो सकते हैं, लेकिन मूल कारण नहीं बन सकते। यह सबका काम है और



### हिंदू शब्द सबको एक करने वाला

'भागवत ने कहा, भारत में हमारी पहचान हिंदू है। हिंदू शब्द सबको एक करने वाला है। हमारा राष्ट्र संस्कृति के आधार पर एक है, न कि राज्य के आधार पर। पुराने समय में जब राज्य अनेक थे तब भी हम एक देश थे, पराधीन थे तब भी एक देश थे।

इसके लिए सबको साथ लेकर चलना है। सरसंघचालक ने कहा कि संघ की स्थापना किसी एक विषय को लेकर नहीं हुई। संघ संस्थापक डा. केशव बलिराम हेडगेवार क्रांतिकारी थे। वह इंडियन नेशनल कांग्रेस के बहुत सक्रिय कार्यकर्ता थे। असहयोग आंदोलन में उन पर राजद्रोह का अभियोग लगा। उन्होंने बचाव में पक्ष रखना चुना क्योंकि इससे दोबारा भाषण का मौका मिलता।



## कैबिनेट की बैठक आज, एक दर्जन से अधिक प्रस्तावों को रखे जाने की उम्मीद

**लखनऊ।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में शुक्रवार को 11 बजे लोक भवन में कैबिनेट की बैठक होगी। इसमें अशोक लीलैंड को लखनऊ में प्लांट लगाने के लिए और अधिक भूमि देने संबंधी प्रस्ताव को स्वीकृति दी जा सकती है। अभी उसे 70 एकड़ भूमि दिया गया है। इसके अलावा जेपी को भूमि के बदले दी गई धरोहर राशि को वापस करने संबंधी प्रस्ताव को भी स्वीकृति मिल सकती है। कैबिनेट की बैठक एक दर्जन से अधिक प्रस्तावों को रखे जाने की उम्मीद है। सूत्रों के अनुसार गन्ना मूल्य बढ़ाने के प्रस्ताव को भी स्वीकृति मिल सकती है। पिछले दिनों मुख्यमंत्री ने गन्ना मूल्य 30 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ाने की घोषणा की थी। अब इसका प्रस्ताव शुक्रवार की कैबिनेट बैठक में आ सकता है। मथुरा में छाता तहसील के कोकिलावन शनिधाम मंदिर के सामने यात्री सुविधा केंद्र व पार्किंग बनाने के लिए भूमि देने संबंधी प्रस्ताव को भी स्वीकृति दी जा सकती है। इसके अलावा पर्यटन विभाग के दो प्रस्तावों को हरी झंडी मिलने की उम्मीद है। नगर विकास विभाग और आवास विभाग के प्रस्ताव भी आने की उम्मीद है।

## आज सुबह सात से शाम साढ़े छह बजे तक बंद रहेगा शंभू बॉर्डर

**पटियाला।**

जेल में बंद सजा पूरी कर चुके बंदी सिखों की रिहाई के लिए करीब दो वर्ष से मोहाली में धरना दे रहे कौमी इंसाफ मोर्चा के सदस्य किसान यूनियनों के साथ 14 नवंबर को शंभू बैरियर तक विरोध मार्च निकालेंगे। इस कारण राजपुरा-अंबाला-दिल्ली राजमार्ग सुबह सात बजे से शाम साढ़े छह बजे तक बंद रहेगा। कौमी इंसाफ मोर्चा व किसान यूनियन के सदस्य सुबह 10 बजे शंभू बार्डर पर एकत्रित होंगे। कौमी इंसाफ मोर्चा का नेतृत्व किसान नेता सुरजीत सिंह फूल कर रहे




हैं। विरोध मार्च शंभू बैरियर तक होगा इसके बाद मोर्चा के सदस्य दिल्ली कूच करेंगे। दिल्ली में जंतर मंतर पर प्रधानमंत्री के नाम अपना मांगपत्र सौंपेंगे। लोगों को किसी भी तरह की परेशानी न हो इसके लिए पुलिस ने डायवर्जन प्लान जारी किया है। ट्रैफिक जाम जैसी स्थिति न बने, इसके लिए पुलिस प्रशासन द्वारा इंतजाम किए गए हैं। इसके तहत शंभू बार्डर पर पंजाब की सीमा में जहां सुबह पांच बजे से पहले 500 मुलाजिम तैनात कर दिए जाएंगे वहीं सवा सौ के करीब बैरिकेड भी लगाए जाएंगे। दिल्ली से राजपुरा, पटियाला, लुधियाना, जालंधर, अमृतसर इत्यादि जाने वाले वाहन जग्गी सिटी सेंटर के सामने अंबाला-चंडीगढ़ रोड पर बाईं तरफ से लालड़ू होते हुए पटियाला, लुधियाना, ?जालंधर, ?अमृतसर आ सकते हैं। हिसार ?, कैथल से अंबाला के रास्ते शंभू बार्डर से पंजाब आने वाले वाहन चंडीगढ़ के रास्ते से लालड़ू, राजपुरा, ? पटियाला ?, लुधियाना, ?जालंधर, अमृतसर के लिए आ सकते हैं।

## संपादक की कलम से

# दो सौ आतंकी हमलों की साजिश

कैबिनेट की सुरक्षा समिति (सीसीएस) की बैठक के बाद केंद्र ने दिल्ली विस्फोट को जघन्य आतंकी घटना करार दिया है। इसे देश–विरोधी ताकतों की आतंकी करतूत माना है, लिहाजा फिर दोहराया गया है कि आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति बरकरार रहेगी और आतंकियों तथा उनके आकाओं को बख्शा नहीं जाएगा। हमारी जांच और सुरक्षा एजेंसियों ने लगातार छापेमारी कर जो साक्ष्य,



ललित शर्मा
संपादक

डायरियां, नोटबुक्स आदि बरामद की हैं, उनसे डॉक्टर आतंकी गिरोह के खौफनाक, नरसंहारी मंसूबे बेनकाब हुए हैं। दरअसल आतंकी 26 जनवरी, 2025 को ही लालकिले पर हमला करना चाहते थे। डॉ. मुजम्मिल और डॉ. उमर नबी (दिल्ली विस्फोट में भस्म) ने कई बार लालकिले की रेकी की थी और सुरक्षा–व्यवस्था तथा यातायात की जानकारियां जुटाई थीं, लेकिन वह साजिश नाकाम रही। अब प्रभु श्रीराम की अयोध्या सबसे पहले निशाने पर है। 25 नवंबर को राम मंदिर के शिखर पर भगवा ध्वज फहराने की रस्म प्रधानमंत्री मोदी निभाएंगे। जाहिर है कि वह एक भव्य आध्यात्मिक, सामाजिक, सांस्कृतिक समारोह होगा। आतंकी उस दौरान अपनी नापाक साजिश को अंजाम देने की सोच रहे हैं। इसका खुलासा बरामद दस्तावेजों और आरोपित आतंकियों से पूछताछ के दौरान सामने आया है। आतंकी 25 नवंबर के बजाय 6 दिसंबर को राम मंदिर परिसर में ही आतंकी विस्फोट कर सकते हैं। 1992 में इसी तारीख पर कथित बाबरी मस्जिद का ढांचा गिराया गया था। बहरहाल सिर्फ लालकिला ही नहीं, राजधानी दिल्ली का इंडिया गेट, गौरीशंकर मंदिर, कांस्टीट्यूशन क्लब (सांसदों की आवाजाही का स्थान), बड़े शॉपिंग मॉल्स, प्रमुख रेलवे स्टेशन आदि भी व्हाइट कॉलर आतंकी गिरोह के निशाने पर हैं। उनकी साजिश है कि 200 से अधिक विस्फोटक आईईडी बनाए जाएं और दिल्ली, नोएडा, गुरुग्राम, फरीदाबाद में 26/11 आतंकी हमले की तर्ज पर नरसंहार किया जाए। आतंकी एक साथ करीब 200 आईईडी विस्फोट करने की साजिश पर काम कर रहे थे। फरीदाबाद में जो 2900 किग्रा. अमोनियम नाइट्रेट और आरडीएक्स बरामद किया गया था, वह इसी साजिश के मद्देनजर जमा किया जा रहा था। जनवरी, 2025 से आतंकी डॉक्टर और जैश–ए–मुहम्मद के गुरगे फरीदाबाद के 3–4 कमरों में विस्फोटक जमा कर रहे थे, लेकिन उन बोरों में खाद बताई जाती थी। विस्फोटक सामग्री और रसायन बांग्लादेश के रास्ते, नेपाल रूट से, फरीदाबाद तक लाए गए। अब भी करीब 300 किग्रा. विस्फोटक की तलाश की जा रही है, क्योंकि जांच एजेंसियों को कुल 3200 किग्रा. विस्फोटक होने का खुलासा किया गया है। यह खुफिया–तंत्र की भी बहुत बड़ी नाकामी है, जो इतना विस्फोटक फरीदाबाद के दो गांवों तक पहुंच गया और उसकी भनक तक नहीं लग पाई। यह भी खुलासा अब सामने आया है कि डॉ. मुजम्मिल और डॉ. उमर 2021 से तुर्किए जा रहे थे। दोनों के पासपोर्ट में तुर्किए के स्टाम्प मिले हैं। जनवरी, 2025 में दोनों ने शैक्षणिक एवं पेशेवर यात्राएं कीं। जम्मू–कश्मीर पुलिस के जरिए यह खुलासा हुआ है कि तुर्किए में दोनों की मुलाकात जैश के हैंडलर से हुई। हैंडलर का कूटनाम उकासा बताया गया है। उमर हैंडलर के निर्देशों पर काम कर रहा था और 2021 की यात्रा के बाद ही जेहादी कट्टरवाद की ओर गया।

## बाल दिवस विशेष

# बच्चों में छिपा है देश का उज्ज्वल भविष्य



प्रियंका सौरभ

हर वर्ष 14 नवम्बर को भारत में बाल दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। यह दिन स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती के रूप में समर्पित है। बच्चों के प्रति उनके गहरे प्रेम और स्नेह के कारण बच्चे उन्हें स्नेहपूर्वक चाचा नेहरू कहकर पुकारते थे। नेहरू जी का मानना था कि आज के बच्चे कल का भविष्य हैं, उन्हें सही दिशा देना ही सच्ची राष्ट्र सेवा है। उनका यह विश्वास था कि अगर बच्चों को उचित वातावरण, शिक्षा और अवसर मिले तो वे भारत को विश्व में गौरव की ऊँचाइयों तक पहुँचा सकते हैं। नेहरू जी बच्चों में भारत के उज्ज्वल भविष्य की झलक देखते थे।

उनका कहना था कि किसी भी राष्ट्र की असली पूँजी उसके बच्चे हैं — न कि उसकी सेना या संपत्ति। बच्चों में असीम ऊर्जा, कल्पनाशक्ति और सृजनात्मकता होती है, जिसे यदि सही दिशा दी जाए तो वही समाज की सबसे बड़ी ताकत बनती है। उन्होंने स्वतंत्र भारत के निर्माण के साथ-साथ बच्चों के विकास को भी सर्वोच्च प्राथमिकता दी। उनके नेतृत्व में शिक्षा, विज्ञान और बाल कल्याण से जुड़ी कई योजनाएँ प्रारंभ की गईं। उन्होंने बच्चों के लिए राष्ट्रीय बाल निधि, बाल भवन, शिशु कल्याण परिषदजैसी संस्थाओं की नींव रखी, जिनका उद्देश्य बच्चों की प्रतिभा को निखारना और उन्हें रचनात्मक मार्ग पर प्रेरित करना था। बाल दिवस केवल एक स्मृति दिवस नहीं, बल्कि उस सोच का प्रतीक है जो बच्चों को राष्ट्र के केंद्र में रखती है। इस अवसर पर हमें यह चिंतन करना चाहिए कि हमारे बच्चे आज किन परिस्थितियों में पल बढ़ रहे हैं। आधुनिक युग में तकनीकी क्रांति ने बच्चों के जीवन को कई मायनों में प्रभावित किया है। इंटरनेट, मोबाइल और सोशल मीडिया ने जहाँ ज्ञान के द्वार खोले हैं, वहीं बचपन की मासूमियत और संवाद की परंपरा को भी कमजोर किया है। बच्चे अब खेल के मैदान से अधिक स्क्रीन पर समय बिताते हैं। शिक्षा का स्वरूप भी अंकों की दौड़ में सिमट गया है, जहाँ नैतिकता और संवेदनशीलता पीछे छूटती जा रही है। आज के बच्चे अपार संभावनाओं के धनी हैं, पर उन पर प्रतिस्पर्धा और सफलता का बोझ बहुत अधिक बढ़ गया है। माता-पिता और समाज दोनों ही उनसे अपेक्षाओं का पहाड़ खड़ा कर देते हैं। इस दबाव के कारण अनेक बच्चे मानसिक तनाव, अवसाद और भय से ग्रसित हो रहे हैं। यह स्थिति चिंताजनक है, क्योंकि स्वस्थ समाज की नींव तभी मजबूत होती है जब उसका बचपन खुश, स्वस्थ और सुरक्षित हो।



इस परिप्रेक्ष्य में बाल दिवस हमें यह याद दिलाता है कि बच्चे केवल माता-पिता की जिम्मेदारी नहीं हैं, बल्कि सम्पूर्ण समाज की धरोहर हैं। हर बच्चे के भीतर एक कलाकार, वैज्ञानिक, शिक्षक या नेता छिपा है। हमें केवल उसे पहचानने और प्रोत्साहन देने की आवश्यकता है। शिक्षा व्यवस्था को इस प्रकार रूपांतरित किया जाना चाहिए कि वह केवल परीक्षा आधारित न होकर अनुभव, मूल्य और सृजनशीलता पर आधारित हो। आज जरूरत है कि स्कूलों में खेल, संगीत, कला और साहित्य को शिक्षा का अभिन्न हिस्सा बनाया जाए ताकि बच्चे जीवन को सम्पूर्णता से जीना सीख सकें। नेहरू जी ने जिस भारत का सपना देखा था, वह केवल आर्थिक या तकनीकी रूप से प्रगतिशील नहीं, बल्कि मानवीय मूल्यों से संपन्न भारत था। उन्होंने बच्चों को स्वतंत्रता, समानता और भाईचारे की भावना के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उनके लिए शिक्षा केवल ज्ञान का साधन नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की नींव थी। नेहरू जी ने वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देने के लिए आईआईटी, आईआईएससी और नेशनल साइंस पॉलिसी जैसी संस्थाएँ स्थापित कीं, ताकि भावी पीढ़ी आधुनिक भारत के निर्माण में योगदान दे सके। आज जब हम बाल दिवस मनाते हैं, तो यह हमारे लिए आत्ममंथन का समय भी है। क्या हमने नेहरू जी के आदर्शों के अनुरूप बच्चों के विकास के लिए उपयुक्त वातावरण बनाया है? क्या हर बच्चे को समान अवसर, शिक्षा और सुरक्षा मिल पा रही है? वास्तविकता यह है कि आज भी हमारे देश में करोड़ों बच्चे शिक्षा से वंचित हैं, अनेक बच्चे बाल श्रम और बाल शोषण के शिकार हैं। ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में बाल सुरक्षा की स्थिति समान रूप से चिंताजनक है। यदि हमें सच में बाल दिवस का अर्थ समझना है, तो हमें इन चुनौतियों का सामना करना होगा। समाज को यह स्वीकार करना होगा कि किसी भी राष्ट्र की प्रगति उसके बच्चों के कल्याण से जुड़ी है। बाल अधिकारों की रक्षा केवल कानून बनाने से नहीं, बल्कि संवेदनशील समाज के निर्माण से होगी। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि कोई भी बच्चा भूखा न सोए, कोई भी बच्चा भय में न जिए, और हर बच्चे को अपने सपनों को पूरा करने का अवसर मिले। आधुनिक भारत में बाल अधिकारों की दिशा में सरकार और समाज दोनों ने प्रयास किए हैं। राष्ट्रीय बाल नीति (2013), समग्र शिक्षा अभियान, पोषण अभियान और बाल अधिकार संरक्षण आयोग (ठउढउफ) जैसी पहलें इस दिशा में सराहनीय कदम हैं। किंतु केवल नीतियाँ काफी नहीं हैं, जब तक उन्हें जमीनी स्तर पर सशक्त रूप से लागू न किया जाए। हर स्कूल, हर अभिभावक और हर नागरिक को इस दिशा में संवेदनशील बनना होगा। बाल दिवस हमें यह भी याद दिलाता है कि बच्चों की हँसी सबसे पवित्र संगीत है। जब कोई बच्चा निडर होकर मुस्कुराता है, तो वह राष्ट्र की आत्मा की मुस्कान होती है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि यह मुस्कान कभी न बुझे। इसके लिए केवल सरकारी नीतियाँ नहीं, बल्कि सामाजिक सहयोग और पारिवारिक स्नेह आवश्यक है। बच्चों को केवल जानकारी नहीं, बल्कि प्रेरणा चाहिए। उन्हें केवल किताबें नहीं, बल्कि उदाहरण चाहिए। यदि हम अपने जीवन में नैतिकता, संवेदना और करुणा को अपनाएँ, तो वही बच्चे उनसे सीखेंगे। परिवार बच्चों की पहली पाठशाला है, जहाँ उन्हें संस्कार, सहयोग और सामंजस्य का ज्ञान मिलता है। आज का बाल दिवस हमें यह संकल्प लेने का अवसर देता है कि हम अपने बच्चों के लिए एक ऐसा समाज बनाएँ, जहाँ वे भयमुक्त होकर सोच सकें, अपने सपनों को साकार कर सकें और अपनी सृजनात्मकता से भारत का भविष्य गढ़ सकें। नेहरू जी का सपना तभी साकार होगा जब हर बच्चा सुरक्षित, शिक्षित और प्रसन्न होगा। बाल दिवस केवल बच्चों का उत्सव नहीं, बल्कि मानवता की नयी शुरूआत का प्रतीक है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि बचपन केवल उम्र का पड़ाव नहीं, बल्कि जीवन की वह सुंदर अवस्था है जिसमें आशा, ऊर्जा और प्रेम का सबसे शुद्ध रूप बसता है। हमें इस बचपन की रक्षा करनी है, इसे खिलने देना है, क्योंकि जहाँ बच्चे मुस्कुराते हैं, वहीं राष्ट्र खिलता है।

## मोनिका डागा



**बाल दिवस विशेष**

**कविता**

बाल दिवस का होगा महोत्सव विद्यालय के प्रांगण में,
झूमेंगे हम सारे मिलकर ज्ञान मंदिर के प्यारे आंगन में,
चाचा नेहरू जी ने शुरू किया हमारे लिए ये दिन प्यारा,
भूल जाते हम इस दिन पढ़ाई–लिखाई का प्रसंग सारा।

बच्चे होते हैं मन के कोमल गुलाबों सा उनका रंग रूप,
बोली उनकी मधु सी मीठी आत्मा में बसता ईश्वर अनूप,
मत तुम उनपर इतना बोझा डालो वरना जाएंगे वो सूख,
चहल–पहल व उछल–कूद की होती उनमें ज्यादा भूख।

बंद कर सारी कॉपी किताबें बच्चे तो भई मौजों मनाएंगे,
नहीं सुनेगें आज किसी की वो खुशियों की धुन गुनगुनाएंगे,
खेल कूद व मनोरंजन संग थोड़ा जोर–शोर से होगा हंगामा,
गुरुजन संग खेलेंगे आंख–मिचौली होगा थोड़ा ज्यादा ड्रामा।

हँसो–हँसाओं और नाचो–गाओ एक दिन सब बच्चे बन जाओ,
बचपन में जाकर फिर से बच्चों संग यादों को जीकर आओ,
ज्ञान मंदिर में आज गूंजेगी चहल–पहल ₹आनंद₹ किलकारी,
महक उठेगी फिर से सुन्दर रंग–बिरंगी ये प्यारी सी फुलवारी।

बच्चों को रहने दो बच्चे वो अपने आप समय से संभल जाएँगे,
खुशी–खुशी वो जयादा बेहतर आज से आने वाला कल बनाएँगे,
बच्चों पर निर्भर करता हैं किसी भी राष्ट्र का भविष्य दिव्य,
रमने दो उनमें निडरता, आत्मविश्वास व साहास के कण नित्य।

## विश्व मधुमेह दिवस - 14 नवम्बर, 2025

# मधुमेह को दवा से ही नहीं, संतुलित जीवन से परास्त करें

दुनिया में बढ़ती मधुमेह की भयावहता इसलिये चिन्ताजनक है कि हर तीसरा शहरी वयस्क डायबिटीज से जूझ रहा है। यह बीमारी अनेक अन्य बीमारियों को भी बढ़ाने का बड़ा कारण है। मधुमेह के बढ़ने के कारणों में मुख्यतः खानपान में अनियमितता और शारीरिक निष्क्रियता सबसे बड़ी वजह है। विश्व मधुमेह दिवस हर वर्ष 14 नवम्बर को मनाया जाता है। यह दिन प्रसिद्ध वैज्ञानिक फ्रेडरिक बैंटिंग के जन्मदिन के रूप में मनाया जाता है, जिन्होंने 1922 में इंसुलिन की खोज कर दुनिया को मधुमेह से राहत देने का मार्ग दिखाया। अंतरराष्ट्रीय मधुमेह संघ और विश्व स्वास्थ्य संगठन ने 1991 में इसकी शुरूआत की थी। इस वर्ष का थीम है मधुमेह और समग्र कल्याण। यह थीम इस तथ्य पर केंद्रित है कि मधुमेह का उपचार केवल दवाइयों से नहीं बल्कि संतुलित और स्वस्थ जीवनशैली से संभव है। मधुमेह आज एक वैश्विक स्वास्थ्य चुनौती बन चुका है। बदलती जीवनशैली, अनियमित भोजन, तनाव, मोटापा और शारीरिक निष्क्रियता इसके प्रमुख कारण हैं। यह बीमारी चुपचाप शरीर को भीतर से खोखला करती है और हृदय, गुर्दे, आंखों और नसों पर गहरा असर डालती है। मधुमेह को नियंत्रित करना केवल चिकित्सा का विषय नहीं, बल्कि यह जीवन जीने की एक कला है। इसके लिए सबसे पहले जीवन में संतुलन एवं सात्विक जीवनशैली की आवश्यकता होती है यानी संतुलित आहार, संतुलित नींद, संतुलित विचार और संतुलित आचरण। जीवन का यह संतुलन ही स्वास्थ्य का मूल मंत्र है। जब हम अपने जीवन को एक अनुशासन में ढालते हैं, तो रोग अपने आप दूर भागते हैं। मधुमेह आज केवल रोग नहीं, बल्कि समग्र स्वास्थ्य चुनौती बन चुका है।

मधुमेह का प्रबंधन केवल दवा और आहार तक ही सीमित नहीं है; इसमें मानसिक स्वास्थ्य सहायता, तनाव प्रबंधन, जीवनशैली शिक्षा और सामुदायिक जुड़ाव भी शामिल है। इसका लक्ष्य रोगी को मधुमेह की चुनौतियों का सामना करते हुए एक स्वस्थ और संतुलित जीवन जीने के लिए सशक्त बनाना है। समग्र देखभाल, शीघ्र हस्तक्षेप और सहायक वातावरण को बढ़ावा देकर, मधुमेह रोग के बजाय व्यक्ति के उपचार के महत्व पर जोर देना मधुमेह दिवस का उद्देश्य है। यह दिवस मधुमेह से पीड़ित लोगों के शारीरिक स्वास्थ्य, भावनात्मक संतुलन और जीवन की गुणवत्ता के बीच महत्वपूर्ण संबंध पर प्रकाश डालता है। इस वर्ष का अभियान डॉक्टरों, नीति निमार्ताओं और समुदायों से आग्रह करता है कि वे केवल रक्त शर्करा के स्तर से आगे बढ़कर रोगी के संपूर्ण कल्याण पर ध्यान केंद्रित करें। डायबिटीज जैसी घातक एवं असाध्य बीमारी को नियंत्रित करने के लिये अफवाहों से बचना जरूरी है, इसके लिये बड़ा दिल नहीं, समझदार दिल होना चाहिए। मर्यादित आहार ही, इस बीमारी को रोकने का एक सस्ता और असरदार उपाय हो सकता है। डायबिटीज (मधुमेह) की समस्या भारत समेत पूरे विश्व में तेजी से बढ़ रही है। इसके चलते हमें कई स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। डायबिटीज पहले अमूमन अधेड़ उम्र के लोगों में होती थी, अब यह बच्चों एवं युवकों को भी शिकंजे में ले रही है। भारत में करीब 10 करोड़ लोगों को डायबिटीज है। वहीं विश्व में 44 करोड़ लोग इससे पीड़ित है। भारत में डायबिटीज की प्रचलित दर 11.5 प्रतिशत है, जबकि प्री डायबिटीज के मामलों की दर 15.3 प्रतिशत तक पहुँच गई है, यानी देश का हर 10 में से एक व्यक्ति इस बीमारी से प्रभावित है। एक अनुमान के अनुसार 85 करोड़ लोग दुनिया भर में डायबिटीज के मरीज 2050 तक हो जाएंगे।



ललित गर्ग

मधुमेह से बचने और इसे नियंत्रित करने के लिए सबसे महत्वपूर्ण है नियमित शारीरिक गतिविधि। सुबह-सुबह की सैर, हल्का व्यायाम, दौड़ना या साइकिल चलाना न केवल शरीर को सक्रिय रखता है बल्कि रक्त में ग्लूकोज के स्तर को भी संतुलित करता है। इसके साथ ही योग और ध्यान का अभ्यास मधुमेह के नियंत्रण में अत्यंत प्रभावी माना गया है। योग केवल शरीर को लचीला नहीं बनाता बल्कि मन को शांत करता है और तनाव को कम करता है। प्राणायाम, अनुलोम-विलोम, कपालभाति, भ्रामरी जैसे योग अभ्यास इंसुलिन के स्त्राव को संतुलित करते हैं और मन को स्थिर बनाते हैं। ध्यान से मन की अस्थिरता और चंचलता कम होती है, जिससे तनाव नियंत्रित रहता है। तनाव और अवसाद मधुमेह के छिपे हुए शत्रु हैं। जब मन तनावग्रस्त होता है तो शरीर में कोर्टिसोल जैसे हार्मोन बढ़ जाते हैं, जो रक्त में शर्करा का स्तर बढ़ाते हैं। इसलिए मन को शांत और प्रसन्न रखना उतना ही आवश्यक है जितना शरीर को स्वस्थ रखना। मधुमेह के प्रबंधन में भोजन की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। खानपान में शुद्धता और संयम दोनों ही जरूरी हैं। आज के समय में फास्ट फूड, प्रोसेस्ड फूड, तले-भुने और मीठे खाद्य पदार्थों की भरमार ने लोगों के स्वास्थ्य को बिगाड़ दिया है। भोजन में सादा, ताजा और पौष्टिक आहार अपनाना ही सबसे बड़ी दवा है। साबुत अनाज, दालें, हरी सब्जियां, सलाद, फल, अंकुरित अनाज और पर्याप्त मात्रा में पानी-ये सब मिलकर शरीर को ऊर्जा तो देते ही हैं, मधुमेह को भी नियंत्रित रखते हैं। अधिक तला-भुना, मिठाई, नमक, और चाय-कॉफी जैसी चीजें सीमित मात्रा में लेनी चाहिए। समय पर भोजन करना और ओवरईटिंग से बचना भी आवश्यक है। खाना न केवल पेट भरने का माध्यम है बल्कि यह हमारे जीवन की गुणवत्ता को निर्धारित करता है। जैसा अन्न वैसा मन-यह कहावत मधुमेह के संदर्भ में बिल्कुल सत्य है। संतुलित जीवनशैली का अर्थ केवल आहार-विहार का नियंत्रण नहीं बल्कि सकारात्मक सोच और अनुशासित दिनचर्या भी है। जो व्यक्ति अपने दिन का एक निश्चित समय योग, ध्यान और आत्मचिंतन में लगाता है, वह न केवल शारीरिक रूप से बल्कि मानसिक रूप से भी स्वस्थ रहता है। तनाव, क्रोध, ईर्ष्या, असंतोष जैसी भावनाएं मन में रासायनिक असंतुलन पैदा करती हैं जो धीरे-धीरे शरीर में रोगों का कारण बनती हैं। अति-विचार से बचना भी जरूरी है। मधुमेह से बचने के लिए इन मानसिक विषों को दूर रखना उतना ही आवश्यक है जितना दवा लेना। अपने मन को हल्का और हृदय को प्रसन्न रखने की कला सीखनी होगी। धार्मिक प्रवृत्तियाँ, सत्संग, संगीत, साहित्य, प्रकृति के निकट समय बिताना, परिवार के साथ हंसी-मजाक करना-ये सब जीवन को संतुलन और आनंद से भर देते हैं। मधुमेह के रोगियों को नियमित रूप से अपने शुगर स्तर की जांच करनी चाहिए और डॉक्टर की सलाह का पालन करना चाहिए। दवा के साथ-साथ आत्म-निगरानी और जीवनशैली में निरंतर सुधार ही स्थायी स्वास्थ्य का आधार है। छोटी-छोटी बातों में सावधानी बड़ी बीमारियों से रक्षा करती है। शरीर को सक्रिय रखना, मन को शांत रखना और भोजन को संयमित रखना-ये तीन सूत्र मधुमेह नियंत्रण के त्रिदेव हैं। इस वर्ष के विश्व मधुमेह दिवस का संदेश यही है कि केवल दवा नहीं, बल्कि जीवन की दिशा बदलनी होगी। मधुमेह को नियंत्रण में रखने का सबसे कारगर उपाय है-संतुलित जीवन। जब मन, शरीर और आत्मा का समन्वय होता है तो स्वास्थ्य अपने आप खिल उठता है। इस 14 नवम्बर को हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि हम अपनी जीवनशैली को अनुशासित, सकारात्मक और स्वास्थ्य-केंद्रित बनाएंगे। नियमित योग और ध्यान करेंगे, भोजन में संयम रखेंगे, तनाव को दूर करेंगे और अपने शरीर को प्रेम से समझेंगे। क्योंकि स्वस्थ शरीर ही जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। मधुमेह जैसी बीमारी हमें भयभीत करने के लिए नहीं आई, बल्कि हमें सजग, अनुशासित और संतुलित जीवन जीने का संदेश देने के लिए आई है। अगर हम यह संदेश समझ जाएं तो मधुमेह भी जीवन के संतुलन की शिक्षक बन जाती है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# मदरसा शिक्षा बोर्ड द्वारा मुंशी, मौलवी, आलिम परीक्षा हेतु आवेदन करने की समय सारणी जारी

**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**

**रामपुर।** प्रभारी जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी गौरव खड़ायत ने बताया कि उ0प्र0 मदरसा शिक्षा परिषद द्वारा संचालित मुंशी, मौलवी, (सेकेण्डरी फारसी एवं अरबी), आलिम (सेकेण्डरी फारसी एवं अरबी) परीक्षा वर्ष 2026 हेतु आवेदन करने की समय सारणी जारी की गई है।

समय सारणी के अनुसार परीक्षाओं का आयोजन 01 फरवरी, 2026 से 15 फरवरी, 2026 के मध्य किया जाना है। उन्होंने बताया कि मदरसे के प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या द्वारा छात्र-छात्राओं की परिषद की मुंशी/मौलवी (सेकेण्डरी फारसी एवं अरबी), आलिम (सेकेण्डरी फारसी एवं अरबी), परीक्षा वर्ष 2026 के आवेदन पत्रों को ऑनलाइन मदरसा पोर्टल पर भरने की प्रक्रिया प्रारम्भ होने

**समय सारणी के अनुसार परीक्षाओं का आयोजन 01 फरवरी, 2026 से 15 फरवरी, 2026 के मध्य किया जाना है**

की तिथि 20 नवम्बर 2025, परीक्षा वर्ष 2026 हेतु निर्धारित परीक्षा शुल्क ट्रेजरी चालान के माध्यम से राजकीय कोष में जमा करने की अवधि 20 नवम्बर से 19 दिसम्बर, 2025 तक, आवेदन पत्रों को आनलाइन मदरसा पोर्टल पर भरने की अन्तिम तिथि 20 दिसम्बर, 2025 एवं मदरसे के प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या द्वारा छात्र-छात्राओं के आवेदन पत्रों को नियमानुसार मदरसा पोर्टल पर लॉक करने की अन्तिम तिथि 22 दिसम्बर, 2025 निर्धारित की गई है



# जिलाधिकारी के निर्देश पर तम्बाकू मुक्त अभियान चलाया गया

**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**



**रामपुर।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निर्देश पर तम्बाकू मुक्त अभियान के अंतर्गत जिला सलाहकार डॉक्टर शहजाद हसन खान द्वारा कोटपा अधिनियम 2003 के अनुपालन में कलेक्ट्रेट परिसर में धारा 4 के अनुपालन में जुमार्ना अभियान चलाया गया। इसके अंतर्गत 15 व्यक्ति जो कि विभिन्न प्रकार के तंबाकू उत्पाद का प्रयोग करते हुए पाए गए का तत्काल जुमार्ना किया गया और उपस्थित जनसामान्य को तंबाकू संबंधी बीमारियों एवं इससे होने वाले रोगों तथा इलाज के बारे में समुचित जागरूक किया गया।

इसके अतिरिक्त विद्यालय जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न टीमों द्वारा अलग-अलग विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें उच्चतर प्राथमिक विद्यालय कोयला, उच्चतर प्राथमिक विद्यालय पत्थर खेड़ा चमरौआ तथा राजकीय इंटर कॉलेज टांडा, उच्चतर प्राथमिक विद्यालय किसरौल आदि विद्यालय शामिल रहे। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा तंबाकू के हानिकारक प्रभावों के बारे में पोस्टर प्रतियोगिता एवं वाद विवाद प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया गया। इन प्रतियोगिताओं में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया एवं सभी छात्र-छात्राओं, अध्यापकों को तंबाकू को अपने जीवन में कभी प्रयोग न करने एवं अन्य को प्रयोग न करने देने तथा जनपद रामपुर को तंबाकू मुक्त बनाने की शपथ दिलाई गई।

# जेपी पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता उड़ान 2025 का आयोजन



**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**चांदपुर :** जेपी पब्लिक स्कूल चांदपुर ने अपने बहुप्रतीक्षित वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता ₹उड़ान 2025₹ का आयोजन बड़े उत्साह और ऊर्जा के साथ किया। स्कूल के मैदान को ₹उड़ान सीमाओं से परे उड़ान₹ की थीम पर खूबसूरती से सजाया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि एसडीएम चांदपुर नितिन तेवतिया, जेपी पब्लिक स्कूल की प्रबंधिका नीतू गुप्ता, उपप्रबंधक आर्यन गुप्ता, विद्यालय के प्रधानाचार्य विनीत तोमर ने मशाल प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम की शुरूआत चारों सदनों द्वारा मार्च पास्ट के साथ हुई, जिसके बाद शपथ ग्रहण समारोह और खेल भावना तथा टीम वर्क पर जोर देते हुए एक प्रेरक भाषण दिया गया। छात्रों ने 100 मीटर दौड़, लंबी कूद, रिले, गोला फेंक और योग प्रदर्शन सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया और अपनी प्रतिभा, अनुशासन और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन किया। प्रतियोगियों के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर दर्शकों ने पूरे उत्साह से तालियाँ बजाईं। इस अवसर पर रंगारंग अभ्यास, नृत्य प्रदर्शन और योग-विज्ञान प्रस्तुति भी आयोजित की गई, जिसने उत्सव में चार चाँद लगा दिए। शिक्षकों और अभिभावकों ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। अपने संबोधन में प्रधानाचार्य ने छात्रों के समर्पण और खेल भावना की सराहना की और उन्हें शैक्षणिक और सह-पाठ्यचर्या गतिविधियों, दोनों में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयास करते रहने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का समापन पदक वितरण समारोह और राष्ट्रगान के साथ हुआ, जिसने ऊर्जा, एकता और उपलब्धि से भरे एक यादगार दिन का अंत किया।

# बिंदल शुगर मिल ने प्रदेश में सबसे पहले किसानों का गन्ना मूल्य भुगतान किया



**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**नूरपुर :** उत्तर प्रदेश की बिंदल शुगर मिल चांगीपुर ने प्रदेश में सबसे पहले गन्ना किसानों का गन्ना मूल्य भुगतान किया। बिंदल शुगर मिल चांगीपुर नें अपने किसानों का 5 नवंबर से 12 नवंबर तक खरीदे गन्ने का समस्त गन्ना मूल्य भुगतान प्रदेश सरकार द्वारा घोषित रू० 400/- प्रति कु० के हिसाब से कृषकों के खाते में भेजने की प्रक्रिया का शुभारम्भ किया। इस पराई सत्र से पूरे प्रदेश की सभी चीनी मिलों के गन्ना किसानों का गन्ना मूल्य भुगतान चीनी मिल द्वारा सीधे कृषकों के खाते में किया जाएगा। इस अवसर पर बिंदल शुगर मिल चांगीपुर के अध्यासी जितेंद्र कुमार मलिक ने कृषकों से अपील की कि वह पूर्व के वर्षों की तरह इस वर्ष भी चीनी का सहयोग करते हुए साफ सुथरा ताजा, जड़-पत्ती एवं अगोला रहित गन्ना ही चीनी मिल में आपूर्ति करें। इस दौरान गन्ना समिति नूरपुर के सचिव प्रदीप कुमार शर्मा, मुख्य गन्ना प्रबंधक इन्द्रवीर सिंह, आईटी हेड शशि शर्मा, समिति के लेखाकार मोहित कुमार एवं उप प्रबंधक आईटी मनजीत त्यागी आदि मौजूद रहे।

# आर.एस.एम. कॉलेज धामपुर की छात्रा खुशी गुप्ता को विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**



**धामपुर।** आर.एस.एम. कॉलेज धामपुर की बी.एससी. (कृषि ऑनर्स) की प्रतिभावान छात्रा खुशी गुप्ता ने महात्मा ज्योतिबा फूले रुहेलखंड विश्वविद्यालय, बरेली के 23वें दीक्षांत समारोह में स्वर्ण पदक प्राप्त कर अपने महाविद्यालय, जनपद और परिवार का नाम रोशन किया है। उन्हें यह सम्मान विश्वविद्यालय की कुलाधिपति एवं उत्तर प्रदेश की माननीय राज्यपाल आनंदीबेन पटेल द्वारा प्रदान किया गया।

खुशी गुप्ता को यह स्वर्ण पदक विश्वविद्यालय स्तर पर उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए मिला है। उनकी यह उपलब्धि आर.एस.एम. कॉलेज, धामपुर के लिए गर्व का विषय है और अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गई है। महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ. रवि धनकड़ ने बताया कि खुशी गुप्ता पूर्व में भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुकी हैं। उन्होंने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (कउअफ) द्वारा आयोजित अखिल भारतीय प्रवेश परीक्षा (अकएएअ) में संपूर्ण भारत स्तर पर 16वीं रैंक प्राप्त कर देश के प्रतिष्ठित गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पंतनगर में एम.एससी. (कृषि) में प्रवेश प्राप्त किया है, जिससे आर.एस.एम. कॉलेज परिवार गौरवान्वित है। कृषि संकाय के शिक्षकों ने खुशी की इस सफलता को उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन, लगन और दृढ़ संकल्प का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि खुशी ने अपने निरंतर प्रयासों और सकारात्मक दृष्टिकोण से यह सिद्ध कर दिया है कि समर्पण और परिश्रम से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. रश्मि शर्मा रावल ने खुशी गुप्ता को इस उपलब्धि पर हार्दिक शुभकामनाएं और आशीर्वाद देते हुए कहा कि महाविद्यालय के शिक्षकों और विद्यार्थियों के सामूहिक प्रयासों से यह गौरवशाली क्षण प्राप्त हुआ है।

# शकुंतला महाविद्यालय में फेयरवेल फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**




**चांदपुर :** शकुंतला महाविद्यालय चांदपुर में आज फेयरवेल और फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष प्राचार्य डॉ एच. जी. पाठक, बी.पी. एस.के प्रधानाचार्य मुकेश कुमार राय, उपप्राचार्य डॉ शिवानी शर्मा, डॉ मनोज कुमार एवं दीपक सरोहा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके प्रारंभ किया।

प्राचार्य डॉ. एच. जी. पाठक ने कहा कि सभी विद्यार्थियों को आगे बढ़ने के लिए कड़ी मेहनत करनी चाहिए। जो भी सीनियर है उन्हें अपने जूनियर की समस्याओं का हल कराना चाहिए। बी .पी. एस. प्रधानाचार्य ने सभी विद्यार्थियों को आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हुए शुभकामनाएं दी। बी ए प्रभारी डॉ मनोज कुमार ने समय के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। बी एड प्रभारी दीपक सरोहा ने सभी छात्रों को अपना लक्ष्य बनाकर कठिन मेहनत के लिए प्रेरित किया और इस उम्र को उन्होंने डायमंड टाइम बताया। प्रतिभागियों में आयुषी, सलोनी, वैभव, दिया, कार्तिक, अश्विनी, विकास, तनु, फराना, सर्वलीन, रूपसी, मुस्कान, आदित्य, शौर्य आदि ने प्रतिभाग किया। आयुषी और फराना ने डांस की प्रस्तुति देकर सबको मोहित कर दिया। चाहत और तनु ने भी डांस की प्रस्तुति देकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। रैंप वॉक पर छात्र-छात्राओं ने अच्छी प्रस्तुति प्रदान की। थर्ड ईयर के स्टूडेंटों ने गेम के माध्यम से सबको प्रेरणा दी। अंत में फेयरवेल और फ्रेशर की प्रतियोगिता कराई गई जिनमें मिस्टर फ्रेशर शौर्य भटनागर और मिस फ्रेशर सर्वलीन रही तथा मिस्टर फेयरवेल वैभव और मिस फेयरवेल टीना रही। सभी विद्यार्थियों को अंत में पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कुशल संचालन पारुल राव ने किया। कार्यक्रम में सभी शिक्षक शिक्षकों का सहयोग रहा जिनमें मितुल कुमार, रोहित यादव, हर्षी अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, स्वाति शर्मा, गुंजन शर्मा, नैंसी त्यागी, बृजबाला देवी, अमित कुमार, अमित चौहान आदि का सहयोग रहा है।

# देशवासियों हम शर्मिंदा हैं क्योंकि मुस्लिम आतंकवादी ज़िन्दा हैं मुस्लिम महासंघ

**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**



**रामपुर।** आखिल भारतीय मुस्लिम महासंघ ने आतंकवाद का पुतला जलाते हुए कहा कि भारतवासियों हम शर्मिंदा हैं क्यों कि देश में अब भी मुस्लिम आतंकवादी ज़िन्दा हैं। यह आतंकवादी कमीनें कुछ बेगुनाह लोगों की जिंदगियां लेकर देश के पच्चीस करोड़ मुसलमानों की जिंदगियां नर्क बना देते हैं। मुस्लिम समाज को सोचने समझने और अमल करने की सकत जरूरत है। अब फैसला ले कि हमें हमेशा देश के साथ रहना है। न की आतंकवाद के साथ। अगर जरा सी भी वतन से प्यार और मुहब्बत है तो हर मस्जिद मजार खानेखाह और मदरसों में देश प्रेम का संदेश और आतंकवाद का पुरजोर विरोध होना चाहिए। वरना समझलो न समझोगे तो मिट जाओगे ए मुसलमानों तुम्हारी दास्तां तक न होगी दस्तानों में, फरहत अली खान अध्यक्ष मुस्लिम महासंघ आदि मौजूद रहे।

# विधायक ने ग्राम पंचायत मिखिला खलपट्टा के विभिन्न तोकों में जनसंवाद कर सुनी जनसमस्याएं



**वेलकम इंडिया**

**कपकोट,** गोविन्द मेहता, कपकोट विधायक सुरेश गढ़िया नेजनता की अपेक्षाओं के अनुरूप विकास कार्यों को गति देने का संकल्प दोहराया तथा आमजनता की अपेक्षाओं के अनुरूप विकास कार्य कर कपकोट विधानसभा के सभी गांवों के समुचित विकास करने की बात कही।क्षेत्रीय विधायक सुरेश गढ़िया ने कहा उनका कि हर पल विधानसभा की तरक्की का प्रयास है।विधायक गढ़िया ने सरयू घाटी के ग्राम पंचायत खलझूनी और झूनी में जनसम्पर्क और जनमिलन कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय जनता से संवाद के द्वारा आम जनमानस की समस्याओं एवं शिकायतों का संज्ञान गंभीरता से लिया। जिसमें विभिन्न लोगो ने पेयजल, सडक, विद्युत, पेंशन,विद्युत, आवास सम्बन्धी समस्याओं से अवगत कराया।जनसंवाद के दौरान अधिकतर समस्याओं एवं शिकायतों का विधायक ने का मौके पर ही निस्तारित करते हुए शेष समस्याओं व शिकायतों को दूरभाष के माध्यम से सम्बन्धित अधिकारिंयो को आमजन-मानस की समस्याओ को प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने के निर्देश दिए।जनसम्पर्क कार्यक्रम के दौरान मंडल अध्यक्ष कपकोट प्रकाश जोशी, जिला उपाध्यक्ष मनोहर राम, बलवीर टाकुली, दयाल ऐठानी, क्षेत्र पंचायत सदस्य लाहुर धर्मेंद्र पांडा, मिखिला खलपट्टा ग्राम प्रधान दीवान सिंह, उछप सिंह टाकुली, लाल सिंह टाकुली संतोष उपाध्याय प्रताप कठायत, चंद्र सिंह कपकोटी ग्राम प्रधान पार्वती देवी, अध्यक्ष तारा सिंह टाकुली उत्तम सिंह, सुंदर देव, आनन्द मेहता सहित स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# रानीनांगल न्यायपंचायत में वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता संपन्न, बच्चों ने दिखाया दमखम

**वेलकम इंडिया**

**टाण्डा।** ब्लॉक भगतपुर-टांडा की न्यायपंचायत रानीनांगल में गुरुवार को वार्षिक न्यायपंचायत स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता प्राथमिक विद्यालय मझरा बिलाकूदान के सामने स्थित मैदान पर हुई, जिसमें क्षेत्र के प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों के बालक-बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम प्रधान गुलाम मुस्तफा और वरिष्ठ शिक्षक चौधरी करनपाल सिंह ने फीता काटकर किया। प्राथमिक स्तर की 50 मीटर दौड़ में बालक वर्ग में गगन और बालिका वर्ग में वंशिका प्रथम रहीं। 100 मीटर दौड़ में भी गगन ने बालक

**कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम प्रधान गुलाम मुस्तफा और वरिष्ठ शिक्षक चौधरी करनपाल सिंह ने फीता काटकर किया। प्राथमिक स्तर की 50 मीटर दौड़ में बालक वर्ग में गगन और बालिका वर्ग में वंशिका प्रथम रहीं**

वर्ग में बाजी मारी, जबकि बालिका वर्ग में जाह्नवी ने पहला स्थान हासिल किया। खो-खो प्रतियोगिता में बालक वर्ग में प्राथमिक विद्यालय नकटपुरी खुर्द और बालिका वर्ग में प्राथमिक विद्यालय मझरा बिलाकूदान की टीम विजेता रही।

जूनियर हाईस्कूल वर्ग की 100 मीटर दौड़ में बालक वर्ग में अर्नव और बालिका वर्ग में गुलनाज ने जीत दर्ज की। 200 मीटर दौड़ में श्यान और नेहा प्रथम रहीं। इसके अलावा कबड्डी और चक्का फेंक जैसे खेलों में भी बच्चों ने पूरे जोश और दमखम के साथ हिस्सा लिया।प्रतियोगिता के अंत में विजेता खिलाड़ियों को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर न्यायपंचायत प्रभारी मोहम्मद आकिल, वरिष्ठ शिक्षक डॉक्टर पुष्पेंद्र सिंह, चौधरी करनपाल सिंह, अशरफ अली पाशा, व्यायाम शिक्षक प्रेम सिंह, देशराज सिंह, शिक्षक संकुल मोहसिन अख्तर, सुभाष सागर, मोहम्मद नासिर, मोहम्मद लईक सैफी, राजकुमार, माम चंद, दानवीर, नीरज कुमार, अर्चना भटनागर, शालिनी रस्तोगी, विश्वेश्वरी, कावेरी भटनागर, कहकशां, चेतना, श्वेता रानी और रुचि कश्यप आदि मौजूद रहे।



# एकता पदयात्रा में बोले डिप्टी सीएम: आतंकी हमलों का देंगे कड़ा जवाब

वेलकम इंडिया





**मेरठ(जाकिर तुर्क)।** सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर गुरुवार को उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कैंट विधानसभा क्षेत्र में एकता पदयात्रा निकाली। इस दौरान उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अलगाववाद को बढ़ावा दिया, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की सेनाएं दुश्मनों को घर में घुसकर जवाब दे रही हैं।

उन्होंने कहा कि सरदार पटेल ने देश को एक सूत्र में पिरोया, आज आतंकवाद जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए एकता सबसे जरूरी है। उन्होंने दोहराया कि पुलवामा जैसे आतंकी हमलों का मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा।राजकीय इंटर कॉलेज से शुरू हुई पदयात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए बेगमपुल तक पहुंची।

मार्ग में व्यापारियों और नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।

इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, विधायक अमित अग्रवाल, महापौर हरिकांत आहलूवालिया, पूर्व सांसद राजेंद्र अग्रवाल सहित भारी संख्या में भाजपा नेता मौजूद रहे। मेरठ आने से पहले दिल्ली-मेरठ रोड स्थित मोहिउद्दीनपुर में उपमुख्यमंत्री का विकास पंडित ने सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ भव्य स्वागत कर गदा भेंट की।

# फायर ब्रिगेड की सूझबूझ से भयावह हो रही आग पर पाया काबू

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर।** बागेश्वर नगर के बागनाथ वार्ड कुर्वांचल बैंक के पास घास के ढेर में आग लगने की घटना से वहां खलबली मच गई।जिसके बाद मौके पर मौजूद लोगों ने आग पर काबू पाने की कोशिश की पर घास के गट्ठर में आग पकड़ने से आग भयावह हो गई।मामले की सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई।जिसके बाद एफएसओ गोपाल सिंह रावत के नेतृत्व में फायर ब्रिगेड टीम तत्काल मौके पर पहुँची।

एलएफएम गणेश चन्द्र के कुशल नेतृत्व में फायर रेस्क्यू यूनिट तत्काल घटना स्थल पहुंची। मौके पर नंदी देवी पत्नी राजेंद्र प्रसाद निवासी बागनाथ वार्ड में निमार्णाधीन मकान के अंदर घास के ढेर में आग लगी हुई थी। सड़क से लगभग 70 मीटर ऊपर गौशाला में लगी आग कारण आसझपास अफरातफरी का माहौल और आवासीय मकानों में आग फैलाने का खतरा बना हुआ था।फायर सर्विस टीम ने तत्काल वॉटर टेंडर के पानी से पंपिंग कर तीन डिलीवरी हौज पाईप के सहायता से घास की ढेर पर लगी आग में पानी के प्रेशर से नियंत्रित कर पूर्णरूप से बुझाया।समय रहते आग पर काबू पाने से आसपास के आवासीय क्षेत्र एवं मकानों में आग को फैलाने से रोका गया। फायर रेस्क्यू टीम में नवीन चंद्र केदार सिंह, चालक जगदीश सिंह, चालक रमेश बंगारी, अनिकेत सिंह, , दीपक कुमार, दीपक दानू, नीरज सिंह, फायर वोमन काजल , रश्मि, हिना, व दिव्या थे।

# ठाकुर नरेश पाल सिंह बने कोऑर्डिनेटर गोवर्धन विधानसभा राजन चतुर्वेदी पाठक को मथुरा विधानसभा का प्रभार नियुक्त किया



वेलकम इंडिया

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय के द्वारा मथुरा जिले की गोवर्धन विधानसभा क्षेत्र के लिए ठाकुर नरेश पाल सिंह को कोऑर्डिनेटर एवं राजन चतुर्वेदी पाठक को मथुरा विधानसभा का कोऑर्डिनेटर बनाए जाने पर कांग्रेसियों में काफी उत्साह व हर्ष का माहौल देखा गया।


वरिष्ठ कांग्रेसी व पूर्व जिला अध्यक्ष चौधरी भगवान सिंह वर्मा के नेतृत्व में वरिष्ठ कांग्रेसी ठाकुर नरेश पाल सिंह जसावत के निवास पर पहुंचे तथा हर्ष जताया तथा माला पहनकर ठाकुर नरेश पाल सिंह जसावत का स्वागत सम्मान किया। इस अवसर पर ठाकुर नरेश पाल सिंह जसावत ने सभी कांग्रेस जनों का अभिनंदन किया तथा धन्यवाद किया तथा कहा कि मैं अपनी जिम्मेदारियों को सत्य निष्ठा व ईमानदारी से पूरा करूंगा और सभी कांग्रेस जनों को अपने साथ लेकर कंधे से कंधा मिलाकर पार्टी को आगे बढ़ने का प्रयास करूंगा। पूर्व अध्यक्ष चौधरी भगवान सिंह वर्मा के द्वारा ठाकुर नरेश पाल सिंह जैसावत को गोवर्धन विधानसभा का कोआर्डिनेटर नियुक्त किए जाने व मथुरा की अन्य विधानसभा में नियुक्त सभी कोऑर्डिनेटरों को उनकी नियुक्ति पर उन्हें बधाई दी तथा इस बात को कहा गया कि ठाकुर नरेश पाल सिंह जसावत के कोऑर्डिनेटर गोवर्धन विधानसभा क्षेत्र का बनाए जाने पर अवश्य ही कांग्रेस को अवश्य ही मजबूती मिलेगी क्योंकि नरेश पाल सिंह जसावत जमीन से जुड़े व्यक्ति हैं और कांग्रेस के सच्चे सिपाही हैं और उनसे यही उम्मीद रखी जाती है कि वह क्षेत्र में अपनी जिम्मेदारी को बखूबी पूरा करेंगे तथा पार्टी को एक नई ऊर्जा व शक्ति प्रदान करें पूर्व जिला उपाध्यक्ष बृजेश कुमार शर्मा के द्वारा सभी विधानसभा के नवयुक्त कोऑर्डिनेटर को बधाई दी तथा ठाकुर नारेश पाल सिंह के कोऑर्डिनेटर गोवर्धन विधानसभा क्षेत्र का बनाए जाने पर हर्ष व्यक्त किया तथा यह उम्मीद प्रकट की के ठाकुर नरेश पाल सिंह अपनी ज़िम्मेदारियों को सफलता पूर्वक निर्वहन करेंगे।

## सार संक्षेप

### दो पक्षों में मारपीट छह घायल, पड़ी तहरीर

**मिजार्मुराद।** क्षेत्र के ठठरा गांव में दो गुरुवार को 12 बजे दो पक्षों में पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट हो गया जिसमें लाठी-डंडा व ईट-पत्थर चलने से एक पक्ष के राहुल बिन्द, अजीत बिन्द, मनीता देवी, व शीशा देवी घायल हो गई वही दूसरे पक्ष से आयुष दुबे व अतुल उपाध्याय घायल हो गए।दोनों पक्ष मिजार्मुराद थाने पहुंच एक-दूसरे के खिलाफ मारपीट की तहरीर दिये।पुलिस मेडिकल मुआयना हेतु भेज दी।वही अजीत ने बताया कि मेरे चाचा राहुल मजदूरी करते है बताया कि बेचन दुबे के यहां मजदूरी का 1 हजार 800 रुपया बाकी था वही मांगने गए थे सभी उनको मिलकर मारने-पीटने लगे और पैसा भी नही दिये इसको लेकर बीते मंगलवार की रात में भी विवाद हुआ था।

### खण्ड स्तरीय श्रुति लेख प्रतियोगिता आयोजित, 30 छात्रों ने लिया भाग



**मिजार्मुराद।** सेवापुरी में गुरुवार सुबह खंड स्तरीय श्रुति लेख प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कुल 30 छात्रों ने भाग लिया।प्रतियोगिता के शुभारंभ पर प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी सेवापुरी संजय कुमार यादव ने बताया कि भाषा के शुद्ध लेखन के लिए शब्दों की वर्तनी को शुद्ध लिखने का अभ्यास आवश्यक है। उन्होंने इस प्रतियोगिता को छात्रों के लिए बहुत उपयोगी बताया।प्रतियोगिता का संचालन पीएलसी हिंदी सेवापुरी के डॉ. आलोक त्रिपाठी और पीएलसी अंग्रेजी के अनिल मिश्रा ने किया। इसमें हिंदी में 20 शब्द और अंग्रेजी के 10 मिसिंग शब्दों का श्रुति लेख कराया गया।प्राथमिक स्तर पर मन्नू शुक्ला (प्राथमिक विद्यालय दौलतिया) और निधि (कंपोजिट विद्यालय बरनी) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। पूर्व माध्यमिक स्तर पर नैंसी विंद (उच्च माध्यमिक ठठरा) और खुशी गिरि (कम्पोजिट तेंदुई) ने पहला स्थान हासिल किया।ये सभी सफल छात्र अब जनपद स्तर पर आयोजित होने वाली श्रुति लेख प्रतियोगिता में सेवापुरी खंड का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### अवैध रूप से खड़ी वाहनों के खिलाफ पुलिस का चला हंटर 114 डंफर वाहनों का चालान



**मिजार्मुराद।** राजातालाब एसीपी अजय श्रीवास्तव के नेतृत्व में हाइवे पर उतरी मिजार्मुराद पुलिस ने भिखारीपुर से लेकर गुड़िया बार्डर तक हाइवे के किनारे अवैध रूप से खड़े वाहनों के खिलाफ जबरजस्त कार्रवाई करते हुए 114 डंफर वाहनों का चालान करते हुए 8 डंफर को सीज कर दी वही एक ढाबा संचालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गई। एसीपी राजातालाब अजय श्रीवास्तव ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से मिजार्मुराद थाना क्षेत्र में हाइवे के किनारे अवैध रूप से खड़ी हो रही वाहनों से कई सड़क दुर्घटनाएं जिसको अधिकारियों द्वारा संज्ञान में लेकर आदेश जारी हुई कि ऐसे वाहनों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई किया जाए।उसी क्रम में गुरुवार को मिजार्मुराद थाना प्रभारी प्रमोद कुमार पांडेय, कछवांरोड चौकी प्रभारी गणेश पटेल व एसआई रामचन्द्र यादव के साथ सड़क पर पुलिस उतरी कछवांरोड मंडी के सामने हाइवे के सर्विस लेन पर व हाइवे पर खड़ी वाहनों के विरुद्ध भी कार्रवाई किया गया है।वही ढाबा संचालको को सख्त आदेश दिया गया है कि अगर ढाबे के सामने अवैध रूप से वाहन खड़े पाए गए तो मुकदमा दर्ज कर ढाबा सीज किया जाएगा।

# गणेशरा स्टेडियम में हुआ प्रदेशस्तरीय समन्वय सीनियर पुरूष कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** जिला क्रीड़ा अधिकारी राकेश कुमार यादव ने अवगत कराया है कि खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश लखनऊ एवं यू०पी० कुश्ती एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में प्रदेशस्तरीय समन्वय सीनियर पुरूष कुश्ती प्रतियोगिता दिनांक 13 से 15 नवम्बर 2025 तक जिला खेल कार्यालय स्व० मोहन पहलवान स्पोर्ट्स स्टेडियम गणेशरा मथुरा में आयोजित करायी जा रही है। उक्त प्रदेशीय सीनियर महिला कुश्ती प्रतियोगिता का उद्घाटन डा० आर०पी० सिंह निदेशक खेल निदेशालय उ०प्र० खेल भवन लखनऊ के कर कमलों द्वारा किया गया। निदेशक महोदय का स्वागत श्री सुरेश उपाध्याय महासचिव उ०प्र० कुश्ती संघ तथा जिला अध्यक्ष कुश्ती राजकुमार शर्मा एवं राकेश कुमार यादव कीडा अधिकारी मथुरा द्वारा बुकें देकर, पटुका तथा पगड़ी पहनाकर किया गया।

निदेशक खेल द्वारा बजरंगवली की तस्वीर पर माल्यार्पण किया तथा प्रदेश के विभिन्न मण्डलों से आये खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर प्रदेशीय सीनियर महिला कुश्ती प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया। उक्त अवसर पर समस्त खिलाडीगण, स्टेडियम स्टाफ एवं समस्त खेलों के प्रशिक्षक आदि उपस्थित रहे।50 कि0ग्रा0 भार वर्ग में शीतल यादव अलीगढ बनाम रितिका कुमारी देवीपाटन के मध्य मैच खेला गया, जिसमें रितिका कुमारी देवीपाटन विजयी रही।

किरन प्रयागराज एवं नैना बरेली के मध्य खेला गया जिसमें किरन विजयी रही, शालू पाल कानपुर एवं राधा मुरादाबाद के मध्य खेला गया, जिसमें शालू पाल विजयी रही। तन्नू यादव आजमगढ एवं सुप्रिया यादव बस्ती के मध्य खेला गया, जिसमें तन्नू यादव विजयी रही। अकाक्षा कुमारी मेरठ एवं रितिका कुमारी देवीपाटन के मध्य मैच खेला गया जिसमें अकाक्षा कुमारी मेरठ विजयी रही। किरन कुमारी प्रयागराज एवं अकृति गोरखपुर के मध्य खेला गया, जिसमें अकृति गोरखपुर विजयी रही।

नेहा पाल वाराणसी एवं शालू पाल कानपुर के मध्य मैच खेला गया जिसमें नेहा पाल वाराणसी विजयी रही तन्नू यादव आजमगढ एवं रितिका आगरा के मध्य मैच खेला गया जिसमें रितिका आगरा विजयी रही।

# मोहल्ला शहजाद गान में चौपाल विवाद से उपजा नया तनाव

वेलकम इंडिया



**मेरठ।** नगर पंचायत शाहजहांपुर द्वारा जारी एक नोटिस को लेकर वार्ड नं. 06 निवासी जबीन अहमद खान और नगर पंचायत प्रशासन आमने-सामने आ गए हैं। नगर पंचायत ने जबीन खान पर अवैध निर्माण और सरकारी रास्ते पर दरवाजा खोलने का आरोप लगाते हुए निर्माण कार्य रोकने और दस्तावेज प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है।वहीं, जबीन खान ने सभी आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि ना तो कोई नया निर्माण हुआ है और ना ही किसी रास्ते पर अतिक्रमण किया गया है।

उनका कहना है कि जो ढांचा और परनाला दिखाया जा रहा है, वह वर्षों पुराना है। उन्होंने नगर पंचायत से स्थल निरीक्षण कराकर सच्चाई सामने लाने की मांग की है।सूत्रों के अनुसार, यह विवाद मोहल्ला शहजाद गान की चौपाल से जुड़ा है, जहां मस्जिद निर्माण को लेकर कुछ लोगों में मतभेद हुआ था। बताया जा रहा है कि हवेली गेट के पास शौचालय निर्माण के प्रस्ताव पर जबीन खान की आपत्ति के बाद मामला तूल पकड़ गया।थाना प्रभारी प्रताप सिंह ने कहा कि किसी ने माहौल बिगाड़ने की कोशिश की तो उसके विरुद्ध सख़्त वैधानिक कार्रवाई की जायेगी।

# नन्द घर आनंद भए जय कन्हैया लाल की...

वेलकम इंडिया



**मथुरा/सुरीर।** ग्राम मेहंदीपुर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन व्यास पीठ से अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक आचार्य विजयानंद सरस्वती संक्रांति ऊधौ ने भक्त प्रह्लाद के जीवन प्रसंगों के माध्यम से भक्ति, श्रद्धा और विश्वास की व्याख्या की। उन्होंने कहा कि जब-जब धर्म की हानि होती है और अधर्म बढ़ता है, तब भगवान धर्म की स्थापना एवं पापियों के संहार के लिए अवतरित होते हैं। कथा के दौरान उनका कहना था कि भक्त प्रह्लाद ने बचपन से ही प्रभु के प्रति अटूट श्रद्धा और समर्पण दिखाया। पिता हिरण्यकश्यप द्वारा दी गई विपरीत परिस्थितियों और कठोर दंडों में भी प्रह्लाद ने भगवान के नाम का त्याग नहीं किया।

कथा स्थल पर ह्यनन्द घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल कीह्न के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। ग्रामीणों ने श्रद्धा और भावनाओं के साथ कथा श्रवण कर दिव्य माहौल बनाया।

इस अवसर स्वामी चंद्र गिरी, रण सिंह ठाकुर, लांगुरिया ठाकुर, भोजराज, राजन लाल , रामजीलाल, विनोद सारस्वत, देवीराम , राजन, निर्मला देवी, मीरा देवी, उर्मिला देवी रामवती, गुड्डी, पंडित मनीष शास्त्री, आदित्य प्रकाश पांडे आदि मौजूद थे।

# शिविर के प्रथम एवं द्वितीय दिन कुल 603 मरीजों की नेत्र जांच की गई

वेलकम इंडिया



**मथुरा/गोवर्धन।** श्रीनाथ जी धर्मार्थ सेवा सोसाइटी, फरीदाबाद के सौजन्य से तथा कल्याणं करोति नेत्र संस्थान, मथुरा के संयोजन में आयोजित 24वां विशाल निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर 12 नवम्बर 2025 से 16 नवम्बर 2025 तक प्रतिदिन प्रातः 9:00 बजे से अपराह्न 3:00 बजे तक संचालित किया जाएगा, जिसमें नेत्र रोगियों की जाँच एवं भर्ती की जाएगी।

शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा मोतियाबिंद, परवल, ग्लूकोमा सहित अन्य नेत्र रोगों की जाँच, उपचार एवं ऑपरेशन पूर्णतः निःशुल्क किए जा रहे हैं। मोतियाबिंद रोगियों को निःशुल्क लेन्स प्रत्यारोपण की सुविधा भी प्रदान की जा रही है।

ऑपरेशन हेतु चयनित मरीजों को पलंग, बिस्तर, भोजन, दवाइयाँ एवं देखभाल की सुविधा पूर्णतः निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है। चयनित मरीजों के ऑपरेशन कल्याणं करोति नेत्र संस्थान, गोवर्धन रोड, मथुरा में सम्पन्न किए जाएंगे।

शिविर के प्रथम एवं द्वितीय दिन कुल 603 मरीजों की नेत्र जाँच की गई, जिनमें से 311 मरीजों को ऑपरेशन हेतु चयनित कर भर्ती किया गया। ऑपरेशन हेतु आने वाले सभी रोगियों से अनुरोध है कि वे अपना मोबाइल नंबर एवं पहचान पत्र की फोटोकॉपी साथ लाना अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें।

नेत्र रोगियों की सेवा में एम.पी. शेखावत, प्रबंधक मदनलाल भाटिया, रमेश उर्फ गोलूराम सनेही, सुमित सिंह, आर.के. वर्मा तथा सोनू सहित अन्य सहयोगी सक्रिय रूप से लगे हुए हैं। नेत्र परीक्षण कल दिनांक 14 नवम्बर 2025 को भी प्रातः 9:00 बजे से किया जाएगा। अधिक से अधिक नेत्र रोगी इस शिविर का लाभ अवश्य उठाएं।

## गैंगरेप पीड़िता ने डीआईजी से मिलकर लगाई न्याय की गुहार

**बुलंदशहर।** डीआईजी के सामने गैंगरेप पीड़िता और उसके परिवार ने काटा जमकर हंगामा। गैंगरेप के दो आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने से असन्तुष्ट थी गैंगरेप पीड़िता और उसका परिवार।डीआईजी से मिलने के लिए पीड़िता के परिवार ने काटा कोतवाली के बाहर रोड पर बवाल। डीआईजी से मिलकर पीड़िता ने बयां की खुर्जा पुलिस की निष्क्रियता। महिला पुलिसकर्मियों से छुटकर भागी पीड़िता ने डीआईजी से मिलकर आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की।बीते दिनों खुर्जा कोतवाली क्षेत्र में 6 दरिंदों ने किया था युवती के साथ गैंगरेप। पुलिस चार आरोपियों को गिरफ्तार कर भेज चुकी है जेल, दो आरोपी बताये जा रहे हैं फरार।फरार दो आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को डीआईजी के सामने गिड़गिड़ाई गैंगरेप पीड़िता। डीआईजी ने गिरफ्तार कर जेल भेजने का दिलाया भरोसा। थाना खुर्जा नगर कोतवाली क्षेत्र का मामला।

# वीर हवलदार रामकुमार शर्मा का निधन सम्मान के साथ दी अंतिम विदाई

वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा





**हापुड़।** जनपद के थाना बाबूगढ़ क्षेत्र के कुचेसर रोड चौपले पर सेना के जवान वीर हवलदार राजकुमार शर्मा का निधन पूरे सम्मान के साथ दी अंतिम विदाई। हवलदार रामकुमार शर्मा ,जिन्होंने अपने पूरे जीवन को देश की सेवा और सुरक्षा के लिए समर्पित किया। सन 1976 में सेवानिवृत्त हुए ये जाँबाज सिपाही तोपखाना विभाग के ऐसे अद्भुत योद्धा हैं, जिनका साहस और पराक्रम भारतीय सेना के इतिहास में हमेशा याद रखा जाएगा।हवलदार रामकुमार शर्मा का जीवन अपने आप में एक प्रेरक कथा है। उन्होंने अपने सैन्य करियर की शुरूआत ऐसे समय में की जब भारत को अपनी सीमाओं और स्वाभिमान की रक्षा के लिए हर कदम पर संघर्ष करना पड़ रहा था। उनके नाम से जुड़े कई ऐतिहासिक युद्ध और अभियान हैं, जिनमें उनकी वीरता ने देश को गौरवान्वित किया।

**सन 1961 झ भारतझपुर्तगाल युद्ध (गोवा मुक्ति अभियान):** हवलदार रामकुमार शर्मा उस समय सेना में सेवा दे रहे थे जब भारत ने पुर्तगाल के अधीनस्थ गोवा को मुक्त कराने का अभियान शुरू किया। इस युद्ध में उन्होंने अपने तोपखाना दल के साथ मोर्चे पर साहस और दृढ़ता का परिचय दिया। उनकी वीरता और तेज सोच ने अभियान को सफलता की ओर अग्रसर किया। इस विजय के परिणामस्वरूप गोवा स्वतंत्र भारत का हिस्सा बन गया।

**सन 1962 झ भारत चीन युद्ध:** इसके बाद, वर्ष 1962 में भारत चीन युद्ध में हवलदार शर्मा ने अपनी सेवाएँ दीं। कठिन पर्वतीय इलाकों और कठोर मौसम के बीच उन्होंने अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभाई। यद्यपि यह युद्ध भारत के लिए चुनौतीपूर्ण था, उनके और उनके साथियों के साहस ने भारतीय सेना की भावना को जीवित रखा।सन 1965 भारत पाकिस्तान युद्ध हवलदार शर्मा ने वर्ष 1965 में भारत पाकिस्तान युद्ध में भी हिस्सा लिया। तोपखाना दल के रूप में उन्होंने मोर्चे पर अपनी विशेषज्ञता और निडरता का परिचय दिया। उनके अदम्य साहस और कुशल रणनीति ने सैनिकों का मनोबल बढ़ाया और युद्ध में भारत की विजय में योगदान दिया।सन 1971 भारत पाकिस्तान युद्ध और बांग्लादेश का निर्माण सबसे महत्वपूर्ण उनका योगदान सन 1971 के युद्ध में रहा। इस युद्ध में उन्होंने अपने तोपखाना दल के साथ अद्भुत साहस दिखाया, जिसके परिणामस्वरूप पाकिस्तान पर निर्णायक विजय प्राप्त हुई और बांग्लादेश एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में अस्तित्व में आया। इस ऐतिहासिक विजय में हवलदार शर्मा जैसे सैनिकों का योगदान अनमोल है।हवलदार रामकुमार शर्मा केवल युद्ध में ही नहीं, बल्कि अपनी सेवा, अनुशासन और देशभक्ति के लिए भी मिसाल बने। उनका जीवन हमें यह सिखाता है कि कठिन परिस्थितियों में भी धैर्य और साहस के साथ कार्य करने वाला व्यक्ति देश और समाज के लिए महान योगदान दे सकता है।आज हम उनके अदम्य साहस, अनुशासन और देशभक्ति को याद करते हुए उनका सम्मान कर रहे हैं। हवलदार रामकुमार शर्मा न केवल भारतीय सेना का गौरव हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा भी हैं। उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। उनकी अंतिम यात्रा में सेना के जवान सहित क्षेत्र के सम्मानित लोग उपस्थित रहे।

# राज्यपाल ने मेधावी छात्रों को गोल्ड मेडल से नवाजा

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय का 23वां दीक्षांत समारोह गुरुवार को गरिमा और उल्लास के माहौल में संपन्न हुआ। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल हुई। उन्होंने मेधावी विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल और डिग्रियां प्रदान कीं।

इस दौरान छात्रों के चेहरों पर उपलब्धि की मुस्कान झलक रही थी। समारोह में इस बार 111 शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि और 94 टॉपर्स को गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने विद्यार्थियों को डिजी लॉकर में ऑनलाइन डिग्री अपलोड कर डिजिटल सुविधा की शुरूआत की।

उन्होंने कहा कि ₹युवा राष्ट्र की ऊर्जा हैं, उन्हें समाज और देश निर्माण में अपनी भूमिका निभानी चाहिए।₹ इस मौके पर झारखंड के राज्यपाल और विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र संतोष गंगवार को ₹लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड₹ से सम्मानित किया गया। समारोह के सह-अतिथि आईआईटी रोपड़ (पंजाब) के निदेशक प्रो. राजीव अहूजा, प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय और राज्य मंत्री रजनी तिवारी भी मंच पर मौजूद रहे।

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने विश्वविद्यालय की 5 प्रमुख परियोजनाओं का उद्घाटन भी किया। इस दौरान देशभर के शिक्षाविद, विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपति, और छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कुलपति प्रो. केपी सिंह ने राज्यपाल का स्वागत करते हुए विश्वविद्यालय की उपलब्धियों और नई योजनाओं का विवरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दौरान पूरा अटल सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।

■ आनंदीबेन पटेल ने दीक्षांत समारोह में की डिजी लॉकर से डिग्रियों की शुरूआत, 94 टॉपर्स को मिला गोल्ड मेडल, 111 को मिली पीएचडी की उपाधि

**दीक्षांत समारोह की कुछ खास बातें**

- **पीएचडी उपाधि प्राप्त करने वाले शोधार्थी :** 111
- **गोल्ड मेडल पाने वाले विद्यार्थी :** 94
- **मुख्य अतिथि :** आनंदीबेन पटेल, राज्यपाल, उत्तर प्रदेश
- **विशिष्ट अतिथि :** संतोष गंगवार, राज्यपाल झारखंड
- **विशेष आकर्षण :** डिजी लॉकर में डिग्री अपलोड की शुरूआत

# हापुड़ में आरसेटी में ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण का प्रमाणपत्र वितरण



वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह

**हापुड़।** बाबूगढ़ स्थित केनरा बैंक ग्रामीण प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) में मंगलवार को ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण कार्यक्रम का प्रमाणपत्र वितरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केनरा बैंक के जिला अग्रणी प्रबंधक राजीव कुमार गुप्ता मौजूद रहे। उन्होंने प्रशिक्षण पूरा कर चुकी महिलाओं को प्रमाणपत्र सौंपे और उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रोत्साहित किया। मुख्य अतिथि राजीव कुमार गुप्ता ने कहा कि इस प्रकार के कौशल विकास कार्यक्रम ग्रामीण महिलाओं के लिए नए रोजगार अवसर खोलते हैं और उन्हें परिवार तथा समाज के स्तर पर मजबूत बनाते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि बैंक और संस्थान द्वारा ऐसे कार्यक्रम आगे भी जारी रहेंगे ताकि अधिक से अधिक महिलाएं लाभ उठा सकें।

संस्थान की निदेशक वर्षा सक्सेना ने बताया कि इस प्रशिक्षण बैच में कुल 35 महिलाओं ने हिस्सा लिया। पूरी ट्रेनिंग निःशुल्क प्रदान की गई और प्रतिभागियों को ब्यूटी के विभिन्न तकनीकी और प्रैक्टिकल पहलुओं में प्रशिक्षित किया गया।

## सार संक्षेप

### पुलिस अधीक्षक ने आरक्षियों की बीट बुक का किया निरीक्षण



**संतकबीरनगर।** बृहस्पतिवार को पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना ने कार्यालय पुलिस अधीक्षक पर थाना थाना मेंहदावल, धर्मसिंहवा, दुधारा व बेलहरकला के बीट व्यवस्था की समीक्षा की । इस दौरान उन्होंने बीट अधिकारियों की बीट बुक का अवलोकन किया तथा उसमें अंकित सूचनाओं, शिकायतों एवं निराकरण की स्थिति का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने थाना मेंहदावल के बीट अधिकारी हे0का0 सुरेन सिंह, थाना धर्मसिंहवा के बीट अधिकारी का0 सोनू यादव, थाना दुधारा के बीट अधिकारी का0 रंजन कुमार, का0 अजीत पासवान तथा थाना बेलहरकला के बीट अधिकारी का0 संतोष चौहान की बीट बुक का निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिया व आदेशित किया कि बीट प्रणाली को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाया जाए । क्षेत्र में सक्रिय अपराधियों, असामाजिक तत्वों, वांछित/वारंटी अभियुक्तों पर निरंतर निगरानी रखी जाए तथा जनता से सतत संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, साथ ही साथ बीट बुक में प्रत्येक सूचना का नियमित रूप से अद्यतन किया जाए और क्षेत्र में गश्त एवं चौकसी बढ़ाई जाए, ताकि कानून-व्यवस्था सुदृढ़ बनी रहे । किसी भी प्रकार की गैरजिम्मेदारी क्षम्य नहीं होगी ।

### यातायात पुलिस द्वारा मेहदावल बाईपास से हटवाया गया अतिक्रमण



**संतकबीरनगर।** बृहस्पतिवार को पुलिस अधीक्षक सदीप कुमार मीना के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी यातायात अभयनाथ मिश्रा के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी यातायात परमहंस ने मेहदावल बाईपास से अतिक्रमण, फुटपाथ के किनारे लगाये गये ठेले तथा अनियमित तरीके से किये गये वाहन पार्किंग/वाहन स्टैण्ड द्वारा किये गए अतिक्रमण को हटाया । आम जनमानस को यातायात जागरुकता के नियमों के बारें में जागरुक करते हुए वाहन चलाते समय तीन सवारी न बैठने, बिना नम्बर प्लेट लगी वाहन न चलाने, नशे की हालत में गाड़ी न चलाने, वाहन को ओवर स्पीड से न चलाने के साथ लोगों से अपील भी किया कि वे अपने परिवार वालों एवं रिश्तेदारों तथा आसपास के लोगों को वाहन चलाते समय हेलमेट व सीट बेल्ट के प्रयोग करने हेतु प्रेरित करें ।

# पालिका अध्यक्ष पुष्पा देवी ने वार्ड नंबर 5 व 17 में फूलगढ़ी में सड़क निर्माण कार्य का किया शिलान्यास

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह





**हापुड़।** नगर पालिका अध्यक्ष पुष्पा देवी ने शुक्रवार को नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड नंबर 5 व 17 के मौहल्ला फूलगढ़ी में सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। यह सड़क अल्वी धर्मकांटा से लेकर पानी की टंकी तक बनाई जाएगी, जिसकी लागत करीब 29 लाख रुपये है।

कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष पुष्पा देवी ने फीता काटकर व नारियल फोड़कर हॉटमिक्स सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर वार्ड सभासद फिरोज मलिक व संदीप सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे। शिलान्यास के बाद सभासदों और स्थानीय निवासियों ने मिठाई बांटकर खुशी जताई। क्षेत्रवासियों ने कहा कि यह सड़क लंबे समय से जर्जर अवस्था में थी, जिससे आवागमन में भारी परेशानी हो रही थी। नगर पालिका अध्यक्ष पुष्पा देवी ने कहा कि 2023 के चुनाव प्रचार के दौरान मैंने हापुड़ के सर्वांगीण विकास का जो वादा किया था, उसे हम एक-एक कर पूरा कर रहे हैं। यह सड़क बनने से क्षेत्रवासियों को बड़ी राहत मिलेगी। हमारा लक्ष्य हर वार्ड में मूलभूत सुविधाओं की पूर्ति सुनिश्चित करना है। उन्होंने बताया कि निर्माण कार्य जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा, जिससे स्थानीय लोगों को सुरक्षित और सुगम मार्ग की सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष के पति श्रीपाल सिंह, सभासद फिरोज मलिक, संदीप, मोहम्मद कासिम, अध्यक्ष पुत्र मोनू, मोहम्मद मेराजहक सागर आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# बीडीए का बुलडोजर एक्शन: सीबीगंज क्षेत्र की 120 बीघा में फैली दो अवैध कॉलोनियां जमींदोज

वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता



**बरेली।** बीडीए की प्रवर्तन टीम ने गुरुवार को सीबीगंज क्षेत्र में ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए दो अवैध कॉलोनियों पर बुलडोजर चला दिया। करीब 120 बीघा जमीन पर बिना स्वीकृति के बन रही इन कॉलोनियों को ध्वस्त कर दिया गया।

बीडीए उपाध्यक्ष डॉ मनिकंडन ए ने बताया कि सीबीगंज के गांव बंडिया में अमित अग्रवाल उर्फ राजा और कमल बेदी उर्फ सोनू पंजाबी बिना बीडीए की अनुमति के करीब 100 बीघा जमीन पर कॉलोनी काट रहे थे। यहां सड़क, नाली और बाउंड्रीवाल तक बना दी गई थी। दूसरी कॉलोनी गांव टयूलिया में बाबूराम, संजीव, वीरेंद्र और रविंद्र समेत कई लोगों ने करीब 20 बीघा जमीन पर प्लॉटिंग और निर्माण कार्य शुरू कर दिया था। बीडीए की टीम ने दोनों जगह पहुंचकर जेसीबी मशीनों से सड़कें, बाउंड्रीवाल और चिन्हांकन को जमींदोज कर दिया। कार्रवाई के दौरान मौके पर सहायक अभियंता धर्मवीर सिंह, अवर अभियंता संदीप कुमार और प्रवर्तन दस्ते के सदस्य मौजूद रहे।

बीडीए अधिकारियों के मुताबिक, बिना स्वीकृति के प्लॉटिंग और निर्माण उत्तर प्रदेश नगर योजना एवं विकास अधिनियम 1973 के तहत पूरी तरह अवैध है। ऐसे मामलों में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई जारी रहेगी। बीडीए ने आम जनता को चेतावनी दी है कि कोई भी व्यक्ति भूखंड या मकान खरीदने से पहले उसकी मानचित्र स्वीकृति की जांच अवश्य कर ले, वरना भविष्य में कार्रवाई की जिम्मेदारी खरीदार की खुद की होगी। बीडीए के एक अधिकारी ने कहा बिना अनुमति कॉलोनी काटने वालों के खिलाफ हमारी कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। शहर को अवैध निमार्णों से मुक्त करना प्राधिकरण की प्राथमिकता है।

# निकुंजवासी भक्तिमती पद्मा बाई बुआजी की पावन स्मृति में 12वां श्रीराधा सर्वेश्वर ब्रज चौरासी कोस दर्शन यात्रा महोत्सव



वेलकम इंडिया/डॉ. गोपाल चतुर्वेदी

**वृन्दावन।** श्रीराधा कृष्ण प्रेम संस्थान (रजि.) के द्वारा ठाकुर श्रीराधा माधव भगवान की कृपा एवं निकुंजवासी भक्तिमती पद्मा बाई बुआजी की पावन स्मृति में द्वादश वां सप्त दिवसीय ब्रज चौरासी कोस दर्शन यात्रा महोत्सव 14 से 20 नवम्बर 2025 पर्यन्त अत्यन्त श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ आयोजित किया गया है। यात्रा के संयोजक व प्रख्यात भागवताचार्य विपिन बापू महाराज ने बताया कि इस यात्रा का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य यमुना पूजन के साथ होगा। तत्पश्चात देश-विदेश से आए सैकड़ों भक्तों-श्रद्धालु सुविधायुक्त वाहनों के द्वारा ब्रज मंडल के समस्त प्राचीन मंदिरों, दर्शनीय स्थलों, वनों, उपवनों व कुंज-निकुंजों का दर्शन करेंगे।

## कोतवाली पुलिस टीम की तत्परता से गुमशुदा नाबालिग को चंद घँटे में सकुशल किया बरामद

**बागेश्वर, गोविन्द मेहता।** मित्र पुलिस के सहयोग सेसूचना के चंद घँटे में एक माता को गुमसुदा हुई नाबालिक बेटी को सुरक्षित खोजने में सफलता मिली है।नुमाइसखेत चौरासी निवासी एक महिला द्वारा कोतवाली बागेश्वर में अपनी नाबालिग पुत्री के देर शाम तक घर वापस न आने के सम्बन्ध में सूचना दी गई।और काफी खोजबीन के बाद उसका कोई पता नही चल पाने और खोजबीन करने की गुमसुदगी दर्ज कराई। उक्त सूचना के आधार पर कोतवाल अनिल उपाध्याय ने मामले को गम्भीरता से लेते हुए लापता नाबालिक की खोजबीन हेतु अभियान शुरू किया। प्रभारी निरीक्षक अनिल उपाध्याय के निर्देशन में पुलिस टीम द्वारा तत्परता से खोजबीन प्रारंभ की गई। पुलिस टीम के अथक प्रयासों से गुमशुदा को महज कुछ ही घण्टों के भीतर बरामद किया गया।

# नगर निगम की अनदेखी से नाले में गिरा युवक

वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता



**बरेली।** प्रेमनगर के शिव शक्ति स्टेट कॉलोनी में नाले की टूटी दीवार ने गुरुवार को एक स्कूटी चालक को नाले में गिरने के लिए मजबूर कर दिया। सौभाग्य से चालक गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ, लेकिन हादसे ने क्षेत्रवासियों में नाराजगी और चिंता दोनों बढ़ा दी है।

कॉलोनी के निवासी विनोद सक्सेना ने बताया कि नाले की दोनों ओर की बाउंड्री वॉल कई महीनों से टूटी हुई थी। इसके कारण रास्ता संकीर्ण हो गया है और आए दिन लोग दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस मामले में उन्होंने 25 मार्च और 9 सितंबर को नगर निगम को प्रार्थना पत्र दिए, लेकिन अधिकारी कान तक नहीं सुन रहे थे। वही कॉलोनी के पार्षद कपिल कांत ने बताया कि नाले की बाउंड्री वॉल की फाइल दो बार बन चुकी है, लेकिन नगर निगम ने अब तक काम शुरू नहीं कराया।

बृहस्पतिवार को हुई घटना के बाद उन्होंने अवर अभियंता वीरेंद्र पटेल से मुलाकात की। पटेल ने आश्वासन दिया कि 10 दिनों के भीतर काम शुरू कर दिया जाएगा, लेकिन लोगों का कहना है कि यह हर बार के वादे की तरह सिर्फ आश्वासन न बन जाए। कॉलोनी के निवासी कह रहे हैं कि नगर निगम की अनदेखी के कारण ही हादसा हुआ।

उनका कहना है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो भविष्य में और गंभीर हादसे होने की संभावना है। लोग उम्मीद कर रहे हैं कि नगर निगम अब सिर्फ वादों पर नहीं, बल्कि काम कर दिखाए।

# दिल्ली धमाका सरकार की नाकामी, चुनाव आयोग अब 'भाजपा का विभाग' बन गया है: अखिलेश यादव

वेलकम इंडिया/खालिद खान



**बरेली।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव गुरुवार को बरेली पहुंचे, जहां विधायक अताउर रहमान की पुत्री के विवाह समारोह में शामिल होने आए अखिलेश यादव ने शादी के मंच से ही भाजपा सरकार पर तीखे सियासी तीर चलाए। अखिलेश बोले जनता अब ठान चुकी है, भाजपा को जड़ से उखाड़ फेंकना है। ये सरकार गरीबों की नहीं, पूंजीपतियों की है। दिल्ली में हुए धमाके को लेकर अखिलेश यादव ने कहायह सरकार की भयंकर नाकामी है। खुफिया तंत्र पूरी तरह फेल हो गया है। राजधानी के दिल में धमाका होना बताता है कि सुरक्षा एजेंसियां सिर्फ भाषणों में सक्रिय हैं।

अखिलेश बोले बिहार में जनता अब तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री के रूप में देख रही है। जनता बदलाव चाहती है, और वह बदलाव समाजवाद के रास्ते से आएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा देश को बेचने पर उतारू है। जो स्वदेशी की बात करते हैं, उन्होंने पूरी इकोनॉमी चीन के हवाले कर दी। आज बाजार में हर चीज पर 'मेड इन चाइना' लिखा है। अखिलेश यादव ने चुनाव आयोग पर करारा प्रहार करते हुए कहा यह आयोग अब भाजपा आयोग बन चुका है। रामपुर और कुंदरकी में लाखों लोगों को वोट डालने नहीं दिया गया। पुलिस ने घरों में बंद कर दिया। हमने शिकायत की, लेकिन आयोग ने आंखें मूंद लीं। उन्होंने कहा अब वक्त है जनता जागे, एक भी वोट न छूटे। वोट ही लोकतंत्र का असली हथियार है।

## सीसीटीवी कैमरा चोरी के मामले मे दो लोग पर दर्ज हुआ एफआइआर

**वाराणसी।** मंडुआडीह थाना क्षेत्र के मदरसा बीएलडब्लू ककरमत्ता निवासी एनमुदीन पुत्र निजामुद्दीन की तहरीर पर मंडुआडीह थाना मे सीसीटीवी कैमरा चोरी के मामले मे पुलिस के द्वारा दो लोग पर एफआइआर दर्ज किया गया` एनमुदीन ने कहा की आराजी नम्बर 897 मे निमार्णाधीन मकान का बैनामा कराकर हमलोग रहते है और अपने निवास स्थान से यहां आते जाते रहते हैं उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा की जो दो लोग पर एफआइआर दर्ज हुआ वे दोनो लोग पहाड़ी निवासी है। बीते दस नवम्बर को वे लोग कुछ व्यक्तियों के साथ मेरे घर पर चढ़ आये और आकर मेरे द्वारा बनाये गये निर्माण वाली बाउंड्री को तोड़ने का प्रयास किया जिसके बाद हमारे कैमरे को ईट से मारकर उखाड़ कर चुरा ले गये।

# प्रदेश के 80 सांसदों व 403 विधायकों को ज्ञापन देगा ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन : संजय द्विवेदी

वेलकम इंडिया




**बस्ती/ संतकबीरनगर।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन बस्ती मंडल की बैठक प्रेस क्लब में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष डा. बलराम त्रिपाठी व संचालन सगीर खाकसार ने किया। प्रदेश महामंत्री डा.संजय द्विवेदी ने कहा कि ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन प्रदेश के 80 सांसदों व 403 विधायकों को पत्रकारों की समस्याओं के समाधान लिए ज्ञापन सौंपगा।

उन्होंने बताया कि ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश ने निर्णय लिया है कि संघर्ष के तीसरे चरण में दिनांक 12 दिसंबर 2025 दिन- शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के सभी 403 विधानसभा के विधायकों को व दिनांक 30 दिसंबर 2025 दिन- मंगलवार को उत्तर प्रदेश के सभी 80 लोकसभा सांसदों को पत्रकारों की समस्याओं से संबंधित ज्ञापन उनके आवास पर पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत प्रेषित किया जाएगा।

मंडलायुक्त बलराम त्रिपाठी ने कहा कि संगठन पत्रकारों का सामूहिक बीमा कराकर उनके जीवन सुरक्षा और इलाज के लिए हेल्थ कार्ड दिलाकर सम्मान दिलाया है। पत्रकारों के साथ किसी भी तरह का उत्पीड़न संगठन कत्तई बर्दाश्त नहीं करेगा। संगठन ने पत्रकारों की समस्याओं को लेकर जिला और मण्डल स्तर पर मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन दिया गया। जिला स्थाई समिति की बैठक शुरू कराई गई। मण्डल के तीनों जनपदों में संगठन को मजबूत और सशक्त बनाने के लिए तहसील की हर महीने बैठके होनी चाहिए। तहसील इकाइयों को तेज किया जाय। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष बस्ती अवधेश त्रिपाठी, जिलाध्यक्ष सिद्धार्थनगर आलोक श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष संतकबीरनगर सौरभ कुमार त्रिपाठी ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर महेन्द्र श्रीवास्तव, मुहम्मद परवेज अख्तर, सगीर खकसार, डा. एस. के. सिंह, राजेश सिंह विशेन, विवेक मिश्रा, आलोक मिश्रा, जी एच कादिर, राम पूजन सोनी, अश्विनी पाण्डेय, सतीश मिश्रा, परशुराम वर्मा, रूबल कमलापुरी, शैलेन्द्र उपाध्याय, उदयभान सैनी, सुशील दुबे, एजाज अहमद, खगेन्द्र नाथ मिश्रा, करीम मेहदावली आदि दर्जनों पत्रकार मौजूद रहे।

# धर्मेन्द्र बड़ेरिया को मिला समाज का एकमत समर्थन, डॉ. संदीप सरावगी एवं राज्य मंत्री श्याम बिहारी गुप्त ने की सराहना

वेलकम इंडिया



**झाँसी।** अखिल भारतीय गहोई वैश्य महासभा के आगामी चुनाव को लेकर समाज में उत्साह चरम पर है। अध्यक्ष पद के प्रत्याशी धर्मेन्द्र बड़ेरिया (पिछोर) ने संघर्ष सेवा समिति कार्यालय में डॉ. संदीप सरावगी के समक्ष अपनी विस्तृत कार्ययोजना प्रस्तुत की। उन्होंने समाज के सर्वांगीण विकास के लिए ह्लसामाजिक सहायता प्रणाली, डिजिटल महासभा, युवा सशक्तिकरण और महिला सहभागिताह्व पर केंद्रित 10 सूत्रीय कार्यक्रम की रूपरेखा रखी। डॉ. सरावगी ने उनकी योजनाओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि धर्मेन्द्र बड़ेरिया की ईमानदारी, संगठनात्मक दृष्टि और सेवा भाव समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। उन्होंने कहा कि ंयह कार्ययोजना समाज को नई दिशा और नई ऊर्जा देगी।

इसके उपरांत इलाइट चौराहे के समीप प्रभा होटल में आयोजित विशेष बैठक में समाज के सैकड़ों सदस्य एकत्रित हुए। बैठक की अध्यक्षता राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त श्याम बिहारी गुप्त ने की, जिन्होंने धर्मेन्द्र बड़ेरिया के पक्ष में खुलकर समर्थन व्यक्त किया। इस अवसर पर समाज के अनेक प्रतिष्ठित सदस्य उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से भोगी लाल बिलैया (करेरा), विवेक गहोई, शशिकांत कनकने, ज्योति स्वरूप गुप्ता, स्वतंत्र घुसर (झांसी), साकेत निगोली, चंद्र प्रकाश बरसैया, हरिशंकर निगोली, राजकुमार चऊदा, एम.एल., विवेक सेठ, रोहित सांवला, अशोक नोगरिया, भाईजी पंसारी, रामेश्वर दयाल गेडा, अनिल गुप्ता, दीपक बांगर, अनिल डेगरे, सुमित गेडा, मनीराम गुप्ता, दिनेश सोहाने (मिठू), अंकित सेठ, वही विरवारी, मनोज रेजा, मनमोहन सेठ, राकेश सेठ, ओमप्रकाश सेठ, जानकी प्रसाद गुप्ता, विकास गुप्ता, सतीश गुप्ता, शंकर नीखरा, अनूप बरसैया, हरिकांत नीखरा, आशीष सेठ, प्रशांत नागरिया, राकेश कनकने, राजीव नागरिया, मुकेश पंसारी, धनंजय सेठ, महेश शरण पंसारी, मृत्युंजय सेठ, रामकुमार, आनंद मलेया, बृजेश गुप्ता, संतोष गुप्ता, राजू बड़ेरिया, प्रभात नगरिया, बृजेश, जगदीश, कैलाश पहारिया, रामकुमार निगोती, सौरभ गुप्ता, अजय गुप्ता, पंकज गुप्ता, विकास गुप्ता, सुमित गुप्ता, आशीष गुप्ता, सुबोध गुप्ता, महेश सेठ, दीपू नगरिया, सूरज गुप्ता, आनंद गुप्ता (ठेकेदार), सी.एल. गुप्ता शामिल रहे।

सभी उपस्थित सदस्यों ने एक स्वर में कहा कि धर्मेन्द्र बड़ेरिया समाज की एकता, पारदर्शिता और प्रगतिशील सोच के प्रतीक हैं।

## दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में आधा दर्जन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**कांधला।** कस्बे में बुधवार की शाम को दो पक्षों के बीच हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने महिला की तहरीर पर आधा दर्जन लोगों के विरुद्ध अभियोग दर्ज करते हुए कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। कस्बा निवासी महिला नंदिनी पत्नी अंकुर ने बताया कि उसके पड़ोस के लोग पीड़िता से रंजिश रखते हैं। आरोप है कि बुधवार की शाम को उसके पड़ोस के मोनू, शौक, मोहित, काला, अभिषेक एवं विशाल हाथों में लाठी डंडे लेकर घुस गए और आरोपियों ने पीड़िता के पति अंकुर व उसकी सास राधा को मारपीट कर बुरी तरह से चोटिल कर दिया। शौर शराबा होने पर आसपास के लोग आ गए। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। गुरुवार को पुलिस ने सभी आरोपियों के विरुद्ध गंभीर धाराओं में अभियोग दर्ज करते हुए आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी नक्शा सतीश कुमार का कहना है कि अभियोग दर्ज कर लिया गया है जांच कर

# रानीनांगल न्यायपंचायत में वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता संपन्न, बच्चों ने दिखाया दमखम

वेलकम इंडिया



**टाण्डा।** ब्लॉक भगतपुर-टांडा की न्यायपंचायत रानीनांगल में गुरुवार को वार्षिक न्यायपंचायत स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता प्राथमिक विद्यालय मझरा बिलाकूदान के सामने स्थित मैदान पर हुई, जिसमें क्षेत्र के प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों के बालक-बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम प्रधान गुलाम मुस्तफा और वरिष्ठ शिक्षक चौधरी करनपाल सिंह ने फीता काटकर किया।

प्राथमिक स्तर की 50 मीटर दौड़ में बालक वर्ग में गगन और बालिका वर्ग में वंशिका प्रथम रहीं। 100 मीटर दौड़ में भी गगन ने बालक वर्ग में बाजी मारी, जबकि बालिका वर्ग में जाह्नवी ने पहला स्थान हासिल किया। खो-खो प्रतियोगिता में बालक वर्ग में प्राथमिक विद्यालय नकटपुरी खुर्द और बालिका वर्ग में प्राथमिक विद्यालय मझरा बिलाकूदान की टीम विजेता रही।

जूनियर हाईस्कूल वर्ग की 100 मीटर दौड़ में बालक वर्ग में अर्नव और बालिका वर्ग में गुलनाज ने जीत दर्ज की। 200 मीटर दौड़ में श्यान और नेहा प्रथम रहीं। इसके अलावा कबड्डी और चक्का फेंक जैसे खेलों में भी बच्चों ने पूरे जोश और दमखम के साथ हिस्सा लिया।

प्रतियोगिता के अंत में विजेता खिलाड़ियों को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर न्यायपंचायत प्रभारी मोहम्मद आकिल, वरिष्ठ शिक्षक डॉक्टर पुष्पेंद्र सिंह, चौधरी करनपाल सिंह, अशरफ अली पाशा, व्यायाम शिक्षक प्रेम सिंह, देशराज सिंह, शिक्षक संकुल मोहसिन अख्तर, सुभाष सागर, मोहम्मद नासिर, मोहम्मद लईक सैफी, राजकुमार, माम चंद, दानवीर, नीरज कुमार, अर्चना भटनागर, शालिनी रस्तोगी, विश्वेश्वरी, कावेरी भटनागर, कहकशां, चेतना, श्वेता रानी और रुचि कश्यप आदि मौजूद रहे।

## बूथ चलो अभियान के तहत एसआईआर कार्यक्रम सम्पन्न



वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह

**हापुड़।** बहुजन समाज पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष एडवोकेट के.पी. सिंह के नेतृत्व में आज आवास विकास कॉलोनी, मेरठ रोड स्थित कार्यालय पर बूथ चलो अभियान के अंतर्गत एस.आई.आर. कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी इछ्ड२ को बुलाकर कार्यक्रम को सफलतापूर्वक पूर्ण कराया गया। कार्यक्रम में संजय वाल्मीकि, रामगुलाम दिवाकर, मोनू जाटव सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। पूर्व जिलाध्यक्ष के.पी. सिंह ने कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि पार्टी संगठन को मजबूत करने के लिए यह अभियान महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी कार्यकताओं से आगामी चुनावों में अधिक से अधिक सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। बीएसपी कार्यकताओं ने बूथ स्तर पर संगठन सशक्तिकरण का लिया संकल्प।

## धौलाना ब्लॉक में एनसीडी जांच एवं प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं हेतु मोबाइल मेडिकल वैन का शुभारंभ



वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह

**हापुड़।** समुदाय तक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत लैंडमार्क केयर्स झ्र कम्युनिटी हेल्थ एंड वेलबीइंग प्रोग्राम (जिसे लाइफस्टाइल इंटरनेशनल प्रा. लि. का सहयोग प्राप्त है एवं चाइल्ड सर्वाइवल इंडिया द्वारा क्रियान्वित किया जा रहा है) ने धौलाना ब्लॉक में एनसीडी (गैर-संचारी रोग) जांच और प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं के लिए समर्पित एक मोबाइल मेडिकल वैन का शुभारंभ किया। इस वैन को मुख्य चिकित्सा अधिकारी (उटड) डॉ. सुनील कुमार, अउटड डॉ. वेद प्रकाश एवं ऊढट श्री सतीश कुमार द्वारा मोदीनगर रोड स्थित सीएमओ कार्यालय से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस पहल का उद्देश्य धौलाना ब्लॉक के 19 ग्रामों की वंचित आबादी तक आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुँचाना है, जिससे रक्तचाप, मधुमेह (ब्लड शुगर) जैसे गैर-संचारी रोगों की शीघ्र पहचान और समय पर उपचार संभव हो सके। इस अवसर पर सीएमओ डॉ. सुनील कुमार ने कहा कि यह मोबाइल वैन ग्रामीण क्षेत्रों में एनसीडी मामलों की शीघ्र पहचान और समय पर उपचार प्रारंभ करने में सहायक सिद्ध होगी। इससे गैर-संचारी रोगों के बोझ को कम करने में निश्चित रूप से मदद मिलेगी। लैंडमार्क केयर्स और चाइल्ड सर्वाइवल इंडिया की यह पहल सतत स्वास्थ्य सेवाओं के माध्यम से स्वस्थ एवं सशक्त समुदायों के निर्माण की दिशा में एक और ठोस कदम है।

## दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में एक महिला घायल

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव सुन्ना में मामूली विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई मारपीट में एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई दोनों पक्षों ने एक दूसरे के विरुद्ध थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस जांच में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र के गांव सुन्ना में गांव निवासी ग्रामीण कृष्णपाल के यहां पर शादी समारोह का प्रोग्राम था। शादी समारोह में बैंड बाजे के साथ युवाओं द्वारा नाच गाना किया जा रहा था। तभी आरोप है कि पड़ोस के मोईन व उसके परिवार के लोगों ने उनके घर के बाहर बजाए जा रहे बैंड बाजे का विरोध किया तो आरोप है कृष्णपाल के परिवार के लोगों ने घर में घुसकर जमकर तांडव मचाया और महिला के साथ जमकर मारपीट करते हुए उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। शादी समारोह के प्रोग्राम में अचानक से हुई मारपीट के बाद अफरा-तफरी का माहौल बन गया और महिला को आनन, फानन में नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। दोनों पक्षों ने थाने पर पहुंचकर एक दूसरे के विरुद्ध आरोप प्रत्यारोप लगाते हुए तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि दो पक्षों के बीच कहासुनी का मामला सामने आया था गांव के सामाजिक लोगों ने बैठक दोनों पक्षों का आपस में समझौता करा दिया दोनों पक्षों ने कार्रवाई करने से इनकार किया है।

# बाराबंकी में पटाखा फैक्ट्री में भीषण धमाका, दो की मौत, पांच गंभीर घायल

### इलाके में दहशत का माहौल, मौके पर पहुंचे आईजी, डीएम व विधायक ने लिया जायजा

वेलकम इंडिया)फतेह खान

**अयोध्या / बाराबंकी।** बाराबंकी के सराय बरई गांव के पास गुरुवार दोपहर एक पटाखा फैक्ट्री में जबरदस्त विस्फोट हुआ, जिससे पूरा इलाका दहल उठा। धमाका इतना तेज था कि कई किलोमीटर दूर तक आवाज सुनाई दी और आसपास के गांवों में अफरा-तफरी मच गई।

सूचना मिलते ही आईजी रेंज अयोध्या प्रवीण कुमार, डीएम शशांक त्रिपाठी, और रुदौली विधायक रामचंद्र यादव मौके पर पहुंचे। प्रशासन ने तत्काल फायर ब्रिगेड और राहत बचाव दल को घटनास्थल पर रवाना किया। फायर टीम ने आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक दो लोगों की मौत हो चुकी थी और पांच लोग गंभीर रूप से झुलस गए। सभी घायलों को एंबुलेंस के माध्यम से अस्पताल भेजा गया है, जहां उनका इलाज जारी है।

आईजी प्रवीण कुमार ने बताया कि फिलहाल फैक्ट्री में हुए धमाके के कारणों की जांच की जा रही है। फॉरेंसिक टीम मौके पर मौजूद है और साक्ष्य एकत्रित किए जा रहे हैं। ह्वघटनास्थल पर राज्य मंत्री सतीश शर्मा के प्रतिनिधि प्रदीप कुमार द्विवेदी, टिकैतनगर अध्यक्ष जगदीश प्रसाद गुप्ता, पूरे डलई ब्लॉक प्रमुख रत्नेश सिंह, बीडीओ और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। डीएम शशांक त्रिपाठी ने आश्वासन दिया कि घटना की विस्तृत जांच की जाएगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। घटनास्थल पर मलबा बिखरा, फैक्ट्री का बड़ा हिस्सा ध्वस्त।

धमाके की तीव्रता इतनी ज्यादा थी कि फैक्ट्री की दीवारें और छत पूरी तरह उड़ गईं। आसपास के मकानों के शीशे टूट गए और लोगों में डर का माहौल है।



## किसानों के गलत बिजली बिलों से मचा हाहाकार भाकियू (अराजनैतिक) ने दी आंदोलन की चेतावनी



वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह

**हापुड़।** जनपद हापुड़ क्षेत्र के किसानों के बिजली बिलों में गड़बड़ी को लेकर किसानों में भारी आक्रोश है। भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के जिलाध्यक्ष पवन हूण गुर्जर ने इस सम्बन्ध में विद्युत वितरण निगम के सहायक अभियंता को ज्ञापन सौंपते हुए गंभीर आरोप लगाए हैं। पत्र में कहा गया है कि क्षेत्र के किसानों के नाम पर बनाए गए बिजली बिलों में गलत मीटर रीडिंग डाली जा रही है, जिसके चलते किसानों से पांच गुना तक अधिक राशि वसूली जा रही है। कई किसानों को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है और कुछ ने तो आत्महत्या तक का प्रयास किया है। भाकियू (अराजनैतिक) ने आरोप लगाया कि विभागीय अधिकारी किसानों की शिकायतों को नजरअंदाज कर रहे हैं और खराब मीटरों की जांच नहीं की जा रही है। पवन हूण गुर्जर ने कहा कि किसानों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) संगठन बिजली विभाग के खिलाफ आंदोलन करेगा। उन्होंने बताया कि किसान संगठन किसानों के हक की लड़ाई पूरी मजबूती से लड़ेगा और किसी भी प्रकार का अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## महिला को लगी बाइक की साइड महिला ने काटा हंगामा

वेलकम इंडिया



**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** कस्बे के रेलवे मार्ग बड़ी नहर पुल पर पैदल जा रही महिला को बाइक सवार की साइड लग जाने पर महिला ने जमकर हंगामा का किया। बाद में बाइक सवार ने माफी मांगने पर मामला शांत हुआ मामला चर्चा का विषय बना हुआ है।

थाना क्षेत्र के गांव जसाला निवासी सुभाष बाइक पर सवार होकर किसी कार्य से कस्बे में आ रहा था बाइक सवार जैसे ही कस्बे की बड़ी नहर पुल पर पहुंचा तो कस्बा निवासी महिला हिना को बाइक की साइड लग गई। बाइक की साइड लगने पर महिला ने हंगामा खड़ा कर दिया मौके पर आसपास के राहगीरों की भीड़ भी जमा हो गई। महिला ने जमकर हंगामा काटा बाइक सवार व्यक्ति के द्वारा महिला से माफी मांगी गई तब जाकर आसपास के लोगों ने मामला शांत कराया।

महिला को बाइक की साइड लगने के बाद हुए हंगामा का मामला नगर में चर्चा का विषय बना हुआ है और वीडियो भी वायरल हुआ है।

## आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान प्रबुद्ध सम्मेलन टिफिन के साथ, कार्यकर्त्ता और पदाधिकारी हुए शामिल

वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह




**वाराणसी।** गुलाब बाग स्थित भारतीय जनता पार्टी महानगर कार्यालय पर 13 नवम्बर गुरुवार को आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान प्रोफेशनल सम्मेलन महानगर अध्यक्ष प्रदीप अग्रहरि के अध्यक्षता में आयोजित की गई कार्यक्रम का शुभारंभ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ सम्मेलन को संबोधित करते हुए महानगर अध्यक्ष प्रदीप अग्रहरि ने कहा प्रधानमंत्री की प्रेरणा से भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए हर व्यक्ति अपनी अपनी तरफ से योगदान दे रहा है पिछले दिनों ऐसा देखने को मिला दिवाली एवं छठ के त्योहारों पर लोगों ने अधिक से अधिक स्वदेशी सामानों की खरीदारी की।

स्वदेशी के इस अभियान से हमारे घर के साथ-साथ स्वदेशी में लगे सभी छोटे या बड़े उद्यमी के घर में खुशी आती है मैं आप सभी लोगों से अपील करता हूं की सभी व्यापारी वर्ग से संपर्क करें एवं उन्हें स्वदेशी खरीदने एवं स्वदेशी बेचने का संकल्प पत्र भी भरवायें स्वदेशी अभियान जब तक जन-जन तक एवं हर घर तक नहीं पहुंचेगा तब तक आत्मनिर्भर भारत बनाने का संकल्प पूरा नहीं होगा।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप पटेल ने कहा स्वदेशी राष्ट्रवादी विचारधारा के लोगों का अभियान है और यही हमारा मूल मंत्र है भारत बहुत पहले से आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर राष्ट्र था बाहरी लोग इसीलिए व्यापार करने की दृष्टि से भारत आए जिसमें इंग्लैंड पुर्तगाल प्रमुख रहे सिंधु घाटी की सभ्यता नगरीय सभ्यता थी उस समय बेहतर ढंग से बसा नगर भारत की संपन्नता दशार्ता है चोल साम्राज्य भी नियोजित ढंग से बसा हुआ साम्राज्य था जिसमें ग्राम पंचायत तक के लोग आत्मनिर्भर थे मौर्य वंश में भी हमारे भारत में सब कुछ ठीक था और हम आत्मनिर्भर थे मुगल काल में भारत विदेशी आयात पर निर्भर हो गया कांग्रेस के शासनकाल में भारत में निर्यात पर प्रतिबंध लगाया गया और आयात पर बड़ी मात्रा में राहत देकर आयात को बढ़ावा दिया गया एवं भारत की अर्थव्यवस्था के साथ खिलवाड़ किया गया। दतोपंत ठेंगड़ी ने कहा था जब तक भारत आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर नहीं होगा समृद्धि नहीं हो सकती, किसान और श्रमिक हमारी अर्थव्यवस्था की नींव है जब तक यह वर्ग संपन्न नहीं होंगे, व्यक्ति कमजोर होता जाएगा।

# आईटीआई छात्र ने लगाया शिक्षा बाधित करने का आरोप

वेलकम इंडिया



**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** कस्बा निवासी एक आईटीआई के छात्र ने आईटीआई केंद्र के पदाधिकारियों पर पीड़ित का एग्जाम नहीं दिलाने और स्कॉलरशिप का लालच देकर स्कॉलरशिप भी नहीं दिलवाने सहित आदि कई गंभीर आरोप लगाकर दी गई धनराशि को वापस दिलाने और कार्रवाई की मांग की है पुलिस जांच में जुटी हुई है।

कस्बा निवासी युवक फारूक ने गुरुवार को थाने पर तहरीर देकर बताया कि पीड़ित ने वर्ष 2023 में कस्बे के कैराना मार्ग स्थित आईटीआई में चार वर्ष के लिए एडमिशन लिया था। आईटीआई के कार्यकताओं ने पीड़ित को 28 हजार रुपए की फीस बताई थी। पीड़ित ने प्रथम वर्ष ? सात हजार रूपए सालाना जमा कर दिए थे। आईटीआई में पीड़ित का एडमिशन हो गया था एडमिशन करते समय संस्था में कार्यकताओं सदस्यों ने स्कॉलरशिप दिलाने का भी लालच दिया था।

आरोप है की प्रथम वर्ष आईटीआई के द्वारा उसका एग्जाम नहीं कराया गया। दूसरे वर्ष में भी पीड़ित को क्लास में नहीं बैठाया गया और ना ही उसका एग्जाम दिलाया गया। आरोप है कि पीड़ित गुरुवार को आईटीआई में पढ़ाई करने के लिए गया हुआ था तो आईटीआई केंद्र में कार्यरत कार्यकताओं ने बताया कि इस आईटीआई में आपका कोई भी एडमिशन नहीं है और आपका दूसरी आईटीआई में एडमिशन हुआ है।

पीड़ित ने आईटीआई के सदस्यों पर उसकी शिक्षा बाधित करने सहित अपनी धनराशि वापस दिलाने सहित कई गंभीर आरोप लगाकर कार्रवाई की मांग की है पुलिस जांच में जुटी हुई है।

# महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

वेलकम इंडिया



**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** थाना क्षेत्र के कस्बा एलम में एक 25 वर्षीय विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फॉरेंसिक टीम ने शव का निरीक्षण किया मृतक महिला के परिजनों ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। बड़ौत कोतवाली क्षेत्र के गांव वाजिदपुर निवासी महिला आशा, पुत्री वेदपाल की शादी 26 फरवरी 2023 में थाना क्षेत्र के कस्बा एलम निवासी आकाश पुत्र राजेश के साथ हुई थी। महिला का पति हैदराबाद में नौकरी करने के लिए गया हुआ है बुधवार की रात्रि महिला महिला का शो घर में फांसी पर लटका हुआ मिला। गुरुवार को ससुराल पक्ष के लोगों ने जैसे ही घर का दरवाजा खोला तो उनके पैरों के पहले की जमीन खिसक गई महिला का शव हंसी के फंदे पर लटका हुआ था ससुराल पक्ष के लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दी।

घटना की जानकारी मिलते हैं मौके पर थाना प्रभारी नक्शा सतीश कुमार पुलिस बल के साथ पहुंचे और मौके पर फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया। पुलिस ने शव को नीचे उतार और फॉरेंसिक टीम ने महिला के शव का बारीकी से निरीक्षण किया पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# भारत को विकसित व आत्मनिर्भर बनाने के लिए युवा राष्ट्र के प्रति चिंतन मनन क्षमता बढ़ाए-बृजेश पाठक

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)**। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने युवाओं का यहां आह्वान किया कि वे भारत को एक विकसित व आत्मनिर्भर बनाने हेतु राष्ट्र के प्रति अपनी चिंतन मनन की क्षमता बढ़ाएं, साथ ही राष्ट्रीय हित में बड़े से बड़े जोखिम उठाने की भी क्षमता में वृद्धि करें।बृजेश पाठक यहां गुरुवार को एसआरएम यूनिवर्सिटी के सभागार में आयोजित एक राष्ट्र-एक चुनाव पर छात्र संसद कार्यक्रम मे बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि एक देश एक चुनाव राष्ट्र हित में है, क्योंकि अब तक देश के विभिन्न प्रदेशों में होने वाले अलग चुनावों में धन, समय व मानव श्रम की बबार्दी होती रही है। अब एक देश एक चुनाव से सरकारी धन, समय व मानव श्रम की बबार्दी होने से रूकेगी तथा लोक तांत्रिक व्यवस्था और सुदृढ़ होगी।उन्होंने शिक्षकों से अनुरोध किया कि वे युवाओं को पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ व्यवहारिक ज्ञान भी दें तथा उनके सृजनात्मक सोच विकसित करें ताकि वे नौकरी पाने की अपेक्षा दूसरों को रोजगार देने में सक्षम बनने की सोच बना सकें। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए एसआरएम संस्थान के निदेशक डॉ एस. विश्वनाथन ने अपने सहयोगियों के साथ उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक को शॉल ओढ़ाकर तथा स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को सक्रिय सहभागिता और रचनात्मक चिंतन के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। छात्र संसद कार्यक्रम में विभिन्न जनपदों के अलग-अलग शिक्षण संस्थानों से सैकड़ों छात्र प्रतिनिधियों ने प्रतिनिधित्व किया। आज के इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को संसद की लोक तांत्रिक कार्यप्रणाली संवाद, विधायी कार्य प्रक्रिया आदि की जानकारी देकर उनका मार्गदर्शन करना बताया गया। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश सिंघल, गाजियाबाद के दो पूर्व मेयर आशा शर्मा व आशू मलिक भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष मयंक गोयल, विधायक डॉ मंजू शिवाच, अभिषेक कौशिक, हंस चौधरी, विपुल शर्मा, विजय ठाकुर, प्रज्जलन चौधरी सहित अनेक प्रमुख भाजपा नेता मौजूद थे।कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ाने में निदेशक डॉ. एस. विश्वनाथन, डीन डॉ. आर. पी. महापात्रा, डीन (आईक्यूएसी) डॉ. धौम्या भट्ट, डीन (कैंपस लाइफ) डॉ. नवीन अहलावत, डीन (एफएमएस) डॉ. विजयलक्ष्मी अयंगर, डीन (रिसर्च) एवं डीन (विज्ञान एवं मानविकी) डॉ. ए. गीता भवानी की उपस्थिति और मार्गदर्शन महत्वपूर्ण रहे।

# रालोद सहकारिता प्रकोष्ठ गाजियाबाद का अंकुर त्यागी मोरटा को जिला अध्यक्ष मनोनीत किया



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)**। राष्ट्रीय लोकदल सहकारिता प्रकोष्ठ के तत्वाधान में गाजियाबाद महानगर के त्यागी बाहुल मोरटा गांव स्थित एम.आर. भवन में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में चेयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी (प्रदेश अध्यक्ष, सहकारिता प्रकोष्ठ) और रामकुमार चेयरमैन (क्षेत्रीय अध्यक्ष) ने अंकुर त्यागी मोरटा को राष्ट्रीय लोकदल सहकारिता प्रकोष्ठ, गाजियाबाद का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया।चेयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी और श्री रामकुमार चैयरमैन ने अंकुर त्यागी को सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष का मनोनयन पत्र सौंपा। अध्यक्षता चौधरी रामपाल सिंह (जिला अध्यक्ष) ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। संचालन अरुण चौधरी भुल्लन और प्रदीप मुखिया ने संयुक्त रूप से संचालन किया।चेयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी ने कहा कि हमारे नेता चौधरी जयंत सिंह के मार्गदर्शन में हमें चौधरी चरण सिंह के पद चिन्हों पर चलकर चौधरी अजित सिंह जी के सपनों को पूरा करना है। रामकुमार चैयरमैन ने कहा कि अंकुर त्यागी को जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी देकर हमें पूर्ण विश्वास है कि वे पार्टी की उम्मीदों पर खरे उतरेंगे और सहकारिता प्रकोष्ठ को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे। नव नियुक्त जिला अध्यक्ष अंकुर त्यागी ने सभी पदाधिकारियों, कार्यकताओं और समर्थकों का आभार व्यक्त किया और कहा मैं पार्टी के विश्वास पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा और सहकारिता प्रकोष्ठ को मजबूत बनाने में कोई कसर नहीं छोडूंगा। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि एवं उपस्थित लोग वीरपाल मलिक केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी के निजी सलाहकार,चौधरी रामपाल सिंह जिला अध्यक्ष,चौधरी तेजपाल सिंह,हाजी कुंवर अयूब अली, अजय प्रमुख, लोनी पूर्व चैयरमैन मनोज धामा, पतला नगर पंचायत चेयरपर्सन रीता चौधरी, डॉ. पूनम गर्ग (महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष), रणवीर सिंह दहिया, सुमन चौधरी (महिला जिला अध्यक्ष), प्रोफेसर अरुण दहिया,अरुण चौधरी भुल्लन, प्रदीप मुखिया*, सत्येंद्र तोमर,योगेंद्र, आदि मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय दिव्यांग समिति की बैठक




वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा

हापुड़ जनपद के जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय दिव्यांग समिति की बैठक आयोजित की गई।बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि कार्यालय में दिव्यांग व्यक्तियों के कार्ड बनाने के जो भी आवेदन प्राप्त होते हैं उन्हें जल्द से जल्द बनवाना सुनिश्चित करें। सरकार द्वारा संचालित दिव्यांगों के लिए जो भी योजनाएं संचालित हैं उससे पात्र दिव्यांग जरूर लाभान्वित किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि जिन भी दिव्यांग व्यक्तियों के द्वारा पूर्व में आवेदन किया जा चुका है तथा उनके प्रमाण पत्र अभी भी लंबित हैं उन पर भी विशेष ध्यान देते हुए आवेदनों का निस्तारण करना सुनिश्चित करें। जिला अधिकारी ने संबंधित अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि दिव्यांग पेंशन योजना के तहत जिन व्यक्तियों को पेंशन नहीं मिल रही है उनके कारण पता करते हुए उन्हें लाभान्वित किया जाए ह्ल बैठक में सभी संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## दिल्ली में हुए कार ब्लास्ट के मामले में पिलखुवा के जीएस मेडिकल कालेज के असिस्टेंट प्रोफेसर फारुख को दिल्ली पुलिस ने देर रात गिरफ्तार

**हापुड़**। जनपद के पिलखुवा में दिल्ली में हुए कार ब्लास्ट के मामले में हापुड के जीएस मेडिकल कालेज के असिस्टेंट प्रोफेसर फारुख को दिल्ली पुलिस ने देर रात गिरफ्तार किया है। मेडिकल कालेज के प्रसूति विभाग में तैनात है असिस्टेंट प्रोफेसर फारुख करीब एक साल से कैंपस में रह रहा था। जीएस मेडिकल कॉलेज से पहले फारुख फरीदाबाद की अलफलाह यूनिवर्सिटी में नौकरी करता था। दिल्ली कार ब्लास्ट शामिल ज्यादातर आतंकी भी अलफलाह यूनिवर्सिटी में नौकरी करते थे। डॉ फारुख ने जम्मू कश्मीर से किया था एमबीबीएस और एमडी किया है। डाक्टर फारुख के मोबाइल व लेपटॉप को भी कब्जे में लिया गया। जम्मू कश्मीर का रहने वाला है असिस्टेंट प्रोफेसर फारुख, आतंकी संगठन से जुड़े होने की आशंका। दिल्ली बम धमाके में संलिप्तता की आशंका के चलते असिस्टेंट प्रोफेसर को गिरफ्तार गया है।

# कार्निवल के चौथे दिन तकनीकी प्रतिभा का प्रदर्शन आई.सी.टी. क्लैश

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)**। डी.पी.एस. मोदीनगर में चल रहे छः दिवसीय टैलेंट कार्निवल के चौथे दिन आई.सी.टी. क्लैश प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। यह दिवस तकनीकी नवाचार, रचनात्मकता और डिजिटल साक्षरता को समर्पित रहा।जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में ए.बी.ई.एस. कॉलेज के सहायक प्रोफेसर श्री विकास चौधरी उपस्थित रहे। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन डॉ. विक्रम गांधी और ट्रस्टी श्रीमती अनीशा गांधी भी उपस्थित रहीं। इस प्रतियोगिता में कक्षा तीन से पाँच तक के विद्यार्थियों ने स्क्रैच प्रोग्राम के माध्यम से आकर्षक प्रोजेक्ट्स प्रस्तुत किए, जिनमें उनकी कोडिंग और एनीमेशन की दक्षता देखने को मिली। वहीं, कक्षा छः से नौ तक के विद्यार्थियों ने सतत विकास लक्ष्यों पर आधारित वेबसाइट और मोबाइल एप्स तैयार कर अपनी तकनीकी दक्षता और रचनात्मक सोच का प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि श्री विकास चौधरी ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि ह्लआज के युग में तकनीकी ज्ञान केवल एक विषय नहीं, बल्कि जीवन की आवश्यकता बन चुका है। मुझे यह देखकर अत्यंत हर्ष हो रहा है कि डी.पी.एस. मोदीनगर के नन्हे विद्यार्थी इतनी कम उम्र में कोडिंग, एनीमेशन और ऐप विकास जैसी जटिल विधाओं में अपनी रचनात्मकता प्रदर्शित कर रहे हैं। चेयरमैन डॉ. विक्रम गांधी ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि ह्लविद्यालय का उद्देश्य केवल पुस्तकीय ज्ञान देना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करना है ह्लआई.सी.टी. क्लैशह्ल जैसी प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों को तकनीकी क्षेत्र में अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करती हैं। आज के इन बच्चों में देश का डिजिटल भविष्य निहित है। ट्रस्टी श्रीमती अनीशा गांधी ने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में विद्यार्थियों को तकनीकी क्षेत्र में अपनी रचनात्मकता और कल्पनाशक्ति को नए आयाम देने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रधानाचर्या डॉ ज्योति सिरोही ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में समस्या समाधान, तार्किक चिंतन और तकनीकी कौशल को विकसित करने में सहायक सिद्ध होते हैं।कार्यक्रम का समापन हेडमास्टर अंकित गालयान के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# गरुड़ में बैजनाथ पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च



वेलकम इंडिया

**गरुड़**। दिल्ली में ब्लास्ट के बाद बैजनाथ पुलिस अलर्ट मोड पर आ गई है। पुलिस का सघन चेकिंग अभियान जारी है। पुलिस ने देर सायं गरुड़ में फ्लैग मार्च निकाला।

बैजनाथ कोतवाली प्रभारी कैलाश बिष्ट के नेतृत्व में गरुड़ बाजार, गोलू मार्केट, टीटबाजार आदि स्थानों में फ्लैग मार्च निकाला। पुलिस ने धार्मिक स्थलों, बस स्टैंड, टैक्सी स्टैंड एवं महत्वपूर्ण स्थानों पर सुरक्षा चक्र को और मजबूत कर दिया गया है। हर आने-जाने वाले वाहनों की सख्ती से चेकिंग की जा रही है। संदिग्धों पर पुलिस की पैनी नजर बनी हुई है।

पुलिस द्वारा दोपहिया वाहनों से लेकर चौपहिया वाहन तक के प्रत्येक वाहन की सघन चेकिंग की जा रही है। इस दौरान उप निरीक्षक विवेक भट्ट, उमेश रजवार, नरेंद्र कुमार आदि मौजूद थे।

# गाजियाबाद स्थित 8वीं बटालियन एन.डी.आर.एफ. में सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया

वेलकम इंडिया

- सप्ताह की शुरूआत सतर्कता शपथ ग्रहण समारोह से हुई, जिसमें सभी अधिकारियों और जवानों ने ईमानदारी, निष्ठा और पारदर्शिता के साथ कार्य करने का संकल्प लिया।



**गाज़ियाबाद**। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की 8वीं बटालियन, गाज़ियाबाद में 27 अक्टूबर से 2 नवम्बर 2025 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह धूमधाम से मनाया गया। सप्ताह की शुरूआत सतर्कता शपथ ग्रहण समारोह से हुई, जिसमें सभी अधिकारियों और जवानों ने ईमानदारी, निष्ठा और पारदर्शिता के साथ कार्य करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर सतर्कता जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें निबंध लेखन, प्रश्नोत्तरी, भाषण शामिल थे।

बटालियन के वरिष्ठ अधिकारियों ने कार्यक्रम के दौरान कहा कि सतर्कता केवल एक सप्ताह का आयोजन नहीं, बल्कि यह जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होना चाहिए। उन्होंने सभी कर्मियों से अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूर्ण पारदर्शिता और समर्पण के साथ करने का आह्वान किया। सप्ताह के समापन पर श्री प्रवीण कुमार तिवारी, सेनानी 8वीं बटालियन ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बटालियन के सभी अधिकारीए जवान एवं कर्मचारी उत्साहपूर्वक उपस्थित रहे।

# उत्तर प्रदेश कर अधिवक्ता संगठन के नवनियुक्त अध्यक्ष का स्वागत किया



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)**। उत्तर प्रदेश कर अधिवक्ता संगठन के नवनियुक्त अध्यक्ष एडवोकेट राजपाल यादव एवं कोषाध्यक्ष एडवोकेट विपिन अग्रवाल का मोदीनगर टैक्स बार रजिस्टर्ड के कार्यालय पर भव्य स्वागत किया गया।स्वागत करने वालों सतीश शर्मा गाजियाबाद, एडवोकेट विपिन सिंगल, अध्यक्ष मोदीनगर टैक्स बार रजिस्टर्ड, एडवोकेट धीरज गोयल महासचिव मोदीनगर टैक्स बार, एडवोकेट आरिफ बैग एडवोकेट, गौरव मंगल आदि एडवोकेट थे।

# एसएमसी खाते में नहीं पहुंची दैवीय आपदा मद की राशि

वेलकम इंडिया

बागेश्वर, गोविन्द मेहता,प्राथमिक शिक्षक संघ से जुड़े शिक्षक जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे से मिले। उन्होंने जिलाधिकारी को पर्यावरण संरक्षण हेतु पौध भेंट किया। उनके कार्यकाल की सराहना कर जिले में कुशल प्रशासनिक व्यवस्था बनाए रखने की प्रशंसा की।शिक्षक संघ पदाधिकारियों ने अपनी समस्याओं का ज्ञापन जिलाधिकारी को सौपा। जबकि कार्यदायी संस्था प्रधानाध्यापक से अंतिम किस्त के भुगतान की मांग कर रहा है। इससे उनकी समस्या बढ़ गई है। इसके साथ ही पांच सूत्रीय मांगां को लेकर चर्चा हुई। जिलाध्यक्ष दीपक सिंह रावत के नेतृत्व में शिक्षक जिलधिकारी से मिले। उन्होंने 2014 मैं नियुक्त शिक्षकों की वरिष्ठता सूची बनाकर शिक्षकों के अवलोकन के लिए उप शिक्षा कार्यालयों को भेजने,55वर्ष से अधिक के शिक्षकों को चुनाव प्रक्रिया में ड्यूटी नही भेजे जाने, चयन प्रोन्नत वेतनमान की अवधि 31 दिसंबर तक 10 वर्ष या 12 वर्ष पूर्ण होने वाली शिक्षकों को भी मौका देने, जिन शिक्षकों का चयन या प्रोन्नत वेतनमान 20 नवंबर से 31 दिसंबर के बीच है वे सभी शिक्षक अपनी फाइलों को बनवाने का मौका देने, 2014 में पंचायत चुनाव के उपार्जित अवकाश अभी तक उप शिक्षा कार्यालय से प्राप्त नहीं होने, कोविड काल के उपार्जित अवकाश अग्रसारित करने के लिए उप शिक्षा कार्यालयों को भेजने, कोविड काल में ड्यूटी की है वे अपनी फाइल बनाकर उप शिक्षा कार्यालय में जमा करने, पारस्परिक स्थानांतरण कोर्ट में स्टे होने के कारण नहीं होने तथा विकास खण्डों के स्थाईकरण के फॉर्म जमा हो गए हैं।

# सांसद ने की ईएसआई अस्पताल मोदीनगर को अति विशिष्ट एक्सीडेंट एंड ट्रॉमा सेंटर बनाने की मांग

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)**। बागपत लोकसभा क्षेत्र के सांसद राजकुमार सांगवान ने गुरुवार को केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया से मुलाकात की। सांसद ने ईएसआईएस अस्पताल मोदीनगर को अति विशिष्ट एक्सीडेंट एंड ट्रॉमा सेंटर बनाने की मांग की। सांसद ने केंद्रीय मंत्री को बताया कि ये अस्पताल वर्तमान में राज्य सरकार द्वारा संचालित है, के बारे में निम्न तथ्यों को आपके समक्ष रखना चाहूंगा। ई० एस० आई० एस० अस्पताल, मोदीनगर एक समय फ्लैगशिप अस्पताल हुआ करता था। किन्तु पूर्ववर्ती राज्य सरकार द्वारा इस पर विशेष ध्यान नहीं दिया गया, जिससे इसमें मूलभूत सुविधाएं जैसे कि विशेषज्ञ डॉक्टर, सर्जन, नर्सिंग स्टाफ, टेक्नीशियन, लैबोरेटरी सुविधाएं, रेडियोलॉजी की सुविधाएं, दवाइयों के साथ-साथ बिल्डिंग के रख-रखाव में निरंतर कमी आती रही। जिससे आम जन के साथ-साथ बीमित व्यक्तियों एवं उनके आश्रितों का ई० एस० आई० के प्रति भरोसा उठ गया। बीमित व्यक्तियों एवं फैक्ट्री संचालकों,संस्थानों को ई० एस० आई० से होने वाले सभी प्रकार के हितलाभ व सामाजिक सुरक्षा का प्रचार-प्रसार मोदीनगर सहित सम्पूर्ण पश्चिमी उत्तर प्रदेश में न होना। ई० एस० आई० द्वारा दिए जाने वाले आर्थिक हितलाभ का दूरस्थ कार्यालय होना एवं देरी से मिलना। ऐसी स्थिति में बीमित व्यक्तियों एवं उनके आश्रितों को राजधानी दिल्ली करीब होने के कारण स्वास्थ्य हित एवं जीवन रक्षा हेतु पलायन करना स्वयं व्याख्यात्मक है। ई० एस० आई० अस्पताल, मोदीनगर में सुविधाओं के अभाव के कारण, सारे मरीजों को पैनल के निजी प्राइवेट अस्पतालों में रेफर किया जाता है एवं रेफरल के माध्यम से प्राइवेट अस्पताल मोटी कमाई करते हैं। उक्त सभी वजहों से ई० एस० आई० अस्पताल, मोदीनगर, पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बीमित व्यक्तियों में कमी आयी है। अतः आपसे अनुरोध है कि मोदीनगर के इस अस्पताल को ई० एस० आई० सी० के अधीन कर ई० एस० आई० सी० एकीकृत अति विशिष्ट एक्सीडेंट एंड ट्रॉमा सेंटर में तब्दील किया जाए, जो कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना कार्ड एवं भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा सड़क दुर्घटनाओं की स्थिति में दिए जाने वाले आर्थिक सहयोग की धनराशि का उपयोग कर 50 प्रतिशत आमजन एवं 50 प्रतिशत बीमित व्यक्तियों एवं उनके आश्रितों को चौबीसों घंटे गंभीर देखभाल, सभी आपातकालीन सर्जरी व सभी सम्बंधित जांचें उपलब्ध कराने वाला अस्पताल हो। यह कदम निश्चय ही बहुत दूरगामी परिणाम देने वाला एवं मील का पत्थर साबित होने वाला होगा। साथ ही इसके संचालन में ई० एस० आई० सी० को अतिरिक्त आर्थिक बोझ का भी सामना नहीं करना पड़ेगा।

# जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी ने दिए भूमाफियों एवं प्रदूषण फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश

## किसी भी सरकारी सम्पत्ति पर ना होने पाएं अवैध कब्जा: जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** कलेक्ट्रेट ? कार्यालय में जिलाधिकारी श्री रविन्द्र कुमार माँदड़ द्वारा प्रतिदिन की तरह जनसुनवाई की गयी। जिलाधिकारी महोदय द्वारा की जा रही जनसुनवाई में प्रत्येक जनसुनवाई में प्रार्थियों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। जन सुनवाई के दौरान नगर निगम, पुलिस विभाग, जीडीए, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग सहित अन्य विभागों से सम्बंधित प्रार्थना/शिकायती पत्र प्राप्त हुए। जिलाधिकारी महोदय द्वारा सभी ?प्रार्थियों की बातों को ध्यानपूर्वक सुना व समझा गया। उन्होने प्रार्थियों से जाना कि उनके द्वारा पूर्व में भी इस सम्बंध में कोई प्रार्थना पत्र दिया गया था अथवा नहीं। उन्होने सभी प्रार्थियों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्या का पूर्ण गुणवत्ता के साथ समाधान कराया जायेगा। जिलाधिकारी महोदय ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि





जनसुनवाई में आयी शिकायतों को शत–प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाएं। उन्होने कहा कि स्थलीय निरीक्षण योग्य शिकायतों का स्थलीय ? निरीक्षण कर ही गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाएं, इसके साथ ही ?सभी शिकायतों के निस्तारण उपरान्त शिकायतकर्ता से उसका फीडबैक लेना भी सुनिश्चित करें।

जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी महोदय ने अधिकारियों को सख्ताई के साथ निर्देशित किया कि जनपद में ग्रेप की स्टेज–3 लागू है, यदि को नियमों का उल्लंघन करता है या ? किसी भी रूप में प्रदूषण करता पाया जाता है तो उसके खिलाफ चालान सहित अन्य सख्त कार्यवाही की जाएं। उन्होने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपद में कहीं भी किसी भी सरकारी भूमि (तालाब, पार्क, नदी, ग्रीन बैल्ट सहित अन्य) पर अवैध कब्जा नहीं होना चाहिए, यदि ऐसा पाया जाता है तो उसके लिए सम्बंधित अधिकारी की भी जवाबदेही तय की जायेगी। जनसुनवाई के दौरान एडीएम एल/ए श्री विवेक मिश्र, सिटी मजिस्ट्रेट डॉ.सन्तोष कुमार उपाध्याय, आईएएस श्री अयान जैन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# विधायक संजीव शर्मा व जिलाधिकारी ने श्री दूधेश्वर नाथ मंदिर में पूजा–अर्चना



वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** सिद्धपीठ श्री दूधेश्वर नाथ मठ महादेव मंदिर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर कॉरिडोर बनाने के निर्देश दिये गये थे जिस पर कार्य चल रहा है। जिसके चलते शहर विधायक संजीव शर्मा व जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ गुरूवार को मंदिर पहुंचे। उन्होंने मंदिर में भगवान दूधेश्वर की पूजा-अर्चना कर मंदिर के पीठाधीश्वर श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज से भेंट की। विधायक संजीव शर्मा व जिलाधिकारी ने श्रीमहंत नारायण गिरि के साथ मंदिर का निरीक्षण करते हुए बनाये गये गेट व हॉल सहित अन्य कराये गये कार्यों का निरीक्षण किया। कॉरिडोर को लेकर उन्होंने महाराजश्री से सुझाव लिए। मंदिर के बाहर मुख्य मार्ग के चौडीकरण को लेकर भी शहर विधायक संजीव शर्मा व जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज से वार्ता की। इस दौरान शहर विधायक संजीव शर्मा के मीडिया सलाहकार पवन, श्री दूधेश्वर श्रृंगार सेवा समिति के अध्यक्ष विजय मित्तल, अजय चोपड़ा सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे।

# जिला एवं सत्र न्यायालय, गाजियाबाद का आधिकारिक व्हाट्सएप चैनल से जुड़कर लें आवश्यक सूचनाओं का लाभ: जिला एवं सत्र न्यायालय

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** जिला एवं सत्र न्यायालय, गाजियाबाद ने न्यायिक व्यवस्था में पारदर्शिता और सुगमता को बढ़ाने की दिशा में एक और कदम बढ़ाते हुए अपना आधिकारिक व्हाट्सएप चैनल शुरू किया है। इस चैनल के माध्यम से नागरिकों, अधिवक्ताओं तथा न्यायालय से जुड़े अन्य व्यक्तियों को न्यायालय से संबंधित महत्वपूर्ण घोषणाएँ, सूचनाएँ एवं नवीनतम अद्यतन जानकारी सीधे उनके मोबाइल पर प्राप्त हो रही हैं। इस सम्बंध में सभी नागरिकों से अपील है कि वे भी इस आधिकारिक व्हाट्सएप चैनल से जुड़ें और न्यायालय से संबंधित महत्वपूर्ण घोषणाएँ, सूचनाएँ एवं नवीनतम अद्यतन जानकारी लेकर उसका लाभ प्राप्त करें। जिला एवं सत्र न्यायालय, गाजियाबाद के अनुसार, इस चैनल का उद्देश्य केवल सूचनात्मक जानकारी साझा करना है। इसमें किसी भी प्रकार का व्यक्तिगत संवाद या शिकायत निवारण नहीं किया जाएगा। चैनल के माध्यम से न्यायालय की कार्यप्रणाली, अवकाश संबंधी सूचनाएँ, महत्वपूर्ण न्यायिक आदेशों की जानकारी, और अन्य प्रशासनिक घोषणाएँ समय-समय पर साझा की जा रही हैं। जिला एवं सत्र न्यायालय, गाजियाबाद का कहना है कि इस पहल से जनता को त्वरित सूचना प्राप्त करने में सुविधा होगी और न्यायिक व्यवस्था को अधिक पारदर्शी बनाने में मदद मिलेगी। डिजिटल माध्यम से जानकारी साझा करने की यह पहल न्यायालय के आधुनिकीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

इस तरह की डिजिटल पहलें न्यायिक तंत्र को आधुनिक तकनीक से जोड़ने के साथ-साथ जनता तक न्यायालय की उपयोगी सूचनाओं को तेजी और पारदर्शी तरीके से पहुँचाने का सशक्त माध्यम बन रही हैं।

# नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए.के. शर्मा ने प्रदेशवासियों को दी बड़ी सौगात

वेलकम इंडिया



- बिजली बिल राहत योजना 2025 से उपभोक्ताओं को मिलेगी ऐतिहासिक राहत
- एकमुश्त भुगतान पर सरचार्ज में 100 प्रतिशत तथा मूलधन में 25 प्रतिशत तक की छूट
- तीन चरणों में लागू होगी योजना, मासिक किस्तों में भुगतान की भी सुविधा
- संबंधित अधिकारियों को इस योजना के प्रचार प्रसार कराने के निर्देश
- यह योजना सरकार की पारदर्शी संवेदनशील और जनहितैषी सोच का प्रतिबिंब है : श्री ए.के. शर्मा

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश सरकार के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए.के. शर्मा ने प्रदेश के करोड़ों बिजली उपभोक्ताओं के हित में एक ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए ह्लबिजली बिल राहत योजना 2025ह्व लागू करने की घोषणा की है। इस योजना के अंतर्गत नेवरपेड और लॉन्ग अनपेड उपभोक्ताओं को सुविधा मिलेगी। यह बात प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए.के. शर्मा ने संगम सभागार में प्रेस वार्ता कर बताया। इस दौरान उनके साथ अपर मुख्य सचिव श्री नरेंद्र भूषण, चेयरमैन श्री आशीष गोयल एवं एमडी पंकज कुमार भी मौजूद रहे।

विद्युत बिल राहत योजना 2025 के अंतर्गत बकाया धनराशि को एक मुश्त जमा करने पर सरचार्ज में 100 प्रतिशत एवं मूलधन में 25 प्रतिशत तक छूट देने का ऐतिहासिक निर्णय लिया गया है। ऊर्जा मंत्री ने इस योजना को जनता के लिए ह्लसरकार का उपहार और जनसहभागिता से जुड़ी अभूतपूर्व पहलह्व बताया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का उद्देश्य है कि कोई भी उपभोक्ता बिजली बिल के बोझ तले दबा न रहे और साथ ही राज्य की बिजली वितरण व्यवस्था आर्थिक रूप से सुदृढ़ बने। इस योजना से एक ओर जहां सरकारी खजाने में भारी राजस्व की वृद्धि होगी, वहीं दूसरी ओर घरेलू व वाणिज्यिक उपभोक्ताओं को बड़ी आर्थिक राहत प्राप्त होगी। ऊर्जा मंत्री श्री शर्मा ने बताया कि योजना के अंतर्गत यदि कोई उपभोक्ता अपना बिजली बिल एकमुश्त जमा करता है, तो उसे सरचार्ज में 100 प्रतिशत के साथ-साथ बकाए के मूलधन में 25 प्रतिशत छूट मिलेगी। यह छूट तीन चरणों में दी जाएगी। प्रथम चरण (1 दिसंबर 2025 से 31 दिसंबर 2025 तक) पंजीकरण कराने पर 25 प्रतिशत, द्वितीय चरण (1 जनवरी 2026 से 31 जनवरी 2026 तक) में 20 प्रतिशत तथा तृतीय चरण (1 फरवरी 2026 से 28 फरवरी 2026 तक) पंजीकरण कराने में 15 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। मंत्री श्री शर्मा ने कहा, जो उपभोक्ता पहले पंजीकरण कर भुगतान करेंगे, उन्हें अधिक लाभ मिलेगा। इसलिए प्रदेश के नागरिकों से अपील है कि वे योजना के प्रथम चरण में ही भाग लें।

# भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर भाजपा ने मनाया जनजातीय गौरव दिवस

वेलकम इंडिया





**गाज़ियाबाद।** महान क्रांतिकारी एवं धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा जी की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी महानगर गाज़ियाबाद द्वारा ह्यजनजातीय गौरव दिवसह्व समारोह का भव्य आयोजन हिंदी भवन, लोहिया नगर में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वंदे मातरम गीत और सरस्वती वंदना के साथ हुआ। तत्पश्चात उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री माननीय श्री बृजेश पाठक जी सहित मुख्य अतिथिगण, मंत्रीगण, सांसद एवं विधायकों ने दीप प्रज्ज्वलन एवं भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके पश्चात उपस्थितजनों द्वारा पुष्पांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम के आरंभ में उपमुख्यमंत्री श्री बृजेश पाठक ने जनजातीय संस्कृति एवं भगवान बिरसा मुंडा के जीवन संघर्ष पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने प्रदर्शनी में लगे चित्रों, जनजातीय परंपराओं और सरकारी योजनाओं से संबंधित प्रदर्श सामग्री की सराहना की और कहा कि ऐसे आयोजन समाज को अपनी जड़ों से जोड़ते हैं। महानगर अध्यक्ष श्री मयंक गोयल ने प्रस्तावना प्रस्तुत करते हुए कहा कि भगवान बिरसा मुंडा केवल स्वतंत्रता सेनानी नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना, अधिकार चेतना और आत्मसम्मान के प्रतीक थे। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा घोषित जनजातीय गौरव दिवस भारतीय इतिहास में आदिवासी समाज के योगदान को सम्मान देने का ऐतिहासिक निर्णय है। भगवान बिरसा मुंडा ने जनजातीय समाज को जागृति, संगठन, स्वाभिमान और संघर्ष का मार्ग दिखाया। उन्होंने अन्याय और अत्याचार के विरुद्ध जीवनभर संघर्ष किया। उत्तर प्रदेश सरकार उनके विचारों पर चलकर समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास और न्याय पहुँचाने का संकल्प लेकर कार्य कर रही है। आदिवासी समाज भारतीय संस्कृति का आधार स्तंभ है और भारतीयता की आत्मा उनके जीवन मूल्यों में बसती है। कैबिनेट मंत्री श्री सुनील शर्मा ने कहा कि भारत का स्वतंत्रता संग्राम भगवान बिरसा मुंडा के बिना अधूरा है। भगवान बिरसा मुंडा ने समाज को आत्मनिर्भर एवं संगठित होने का संदेश दिया, और भाजपा संगठन आदिवासी समाज के मान-सम्मान एवं अधिकारों की रक्षा के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। स्वतंत्र प्रभार मंत्री श्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकारें आदिवासी समाज के विकास हेतु ऐतिहासिक योजनाओं का क्रियान्वयन कर रही हैं।

# जीडीए और नगर निगम एकजुट शहर हित में मिलकर करेंगे काम!

वेलकम इंडिया

गाज़ियाबाद नगर निगम मुख्यालय में जीडीए वीसी नंदकिशोर कलाल और नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक की अध्यक्षता में अहम बैठक हुई।

बैठक में तय हुआ ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए जीडीए 8000 वर्ग मीटर भूमि एक सप्ताह में नगर निगम को सौंपेगा। चार प्रमुख योजनाओं करपुरीपुरम, स्वर्ण जयंतीपुरम, भवराव देशराज योजना और राजनगर एक्सटेंशन मेन रोड के हैंडओवर पर बनी सहमति। इंदिरापुरम सीवर समस्या समाधान के लिए जीडीए निगम को नेटवर्क मॉडल उपलब्ध कराएगा। आरडीसी में जाम समस्या के समाधान को लेकर बनी नई कार्ययोजना। दोनों विभागों के अधिकारियों ने संयुक्त निरीक्षण कर 10 दिन के भीतर रिपोर्ट और एस्टीमेट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने कहा ह्लजीडीए और निगम मिलकर शहर के विकास को नई गति देंगे।



# छात्रों ने सड़क सुरक्षा के उद्देश्य से आम नागरिकों को जागरूक किया



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** देवयान फाउंडेशन द्वारा संचलित विद्या स्कूल गाजियाबाद के छात्रों ने आज सड़क सुरक्षा जागरूकता के उद्देश्य से आम नागरिकों को यातायात नियमों का पालन करने हेतु बाहर मुख्य सड़क चलने का आह्वान और निवेदन किया। इस जागरूकता रैली का उद्देश्य आम जन मानस के जीवन की सड़क यातायात से दुर्घटना से बचाव से हो पाए इसी तरफ लोगों का ध्यान केंद्रित करना था। रैली की शुरूआत गाजियाबाद के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने झंडा दिखाकर करी। बच्चों ने बहुत उपयोगी संदेश तख्ती परद लगाकर जागरूकता रैली में हिस्सा लिया। इसके बाद नियमों और सड़क सुरक्षा के मुख्य बिंदुओं को समाआयोजित करके बच्चों द्वारा गीत और लघु नाटिका की प्रस्तुति की गई। जो बहुत सराहनीय रही। पुलिस निरीक्षक अशेष और सुबोध कुमार ने सड़क पर चलने पर या वहान चलाने पर यातायात नियमों के बारे में जानकारी दी। इसे मौके पर पूनम शर्मा जो गाजियाबाद इन सभी समाजिक और सरकार द्वारा आयोजित सभी सरकारी कल्याणकारी कार्यो को जनमानसस के बीच रखती है। ने सभी छात्रों को संबंधित किया। तथा सुंदर स्लोगन बनाने वाले छात्रों को प्रमाण पत्र प्रदान किए। सिविल डिफेंस डिविनल मैनेजर दीपक अग्रवाल और उनके अनेक कार्यकर्ता भी इस पूरे कार्यक्रम में शामिल रहें।